वर्ष 14, अंक 17
गैरसैंण
शनिवार
6 मई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मणिपुर में हालात चिंताजनक, इंटरनेट के बाद ट्रेन सर्विस भी ठप- अलर्ट मोड में आर्मी

**नई दिल्ली (एजेसी)।** देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में भड़की हिंसा को शांत कराने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों के तैनात किया गया है। इसके अलावा सेना और असम राइफल्स के 55 'कॉलमइ को वहां तैनात किया गया है। सेना ने फिलहाल हालात को काबू में बताया है। पूरे इलाके में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवा रोक दी गई है। मणिपुर में रेलवे सर्विस को भी बंद करने का आदेश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली सभी ट्रेनों को बंद कर दिया है। भारतीय सेना की ओर से जानकारी दी गई है कि मणिपुर हिंसा को लेकर सोशल मीडिया पर कई फर्जी खबरें फैलाई जा रही हैं। इनमें असम राइफल्स पोस्ट पर हमले का वीडियो भी शामिल है। वहीं दूसरी ओर मणिपुर में हिंसा भड़काने वालों के लिए शूट एंड साइट के ऑर्डर दिए है। बुधवार से भड़की हिंसा में भीड़ ने कई घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों पर आग लगा दी थी। इंफाल में भी एक विधायक पर हमले कर दिया गया था।

## मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली (एजेसी)।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी ने 2000 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई भी चार्जशीट दायर कर चुकी है। मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए थे, लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली थी। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है।

इससे पहले मनीष सिसोदिया ने अपनी पत्नी के खराब स्वास्थ्य के चलते अंतरिम जमानत की भी मांग की थी। इस मामले को लेकर कोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 11 मई को होगी। सिसोदिया की जमानत याचिका को निचली अदालत ने 28 अप्रैल को खारिज कर दिया था।

## मणिपुर के हालात को देखते हुए अमित शाह ने रद्द किया कर्नाटक का चुनावी दौरा

**नई दिल्ली (एजेसी)।** मणिपुर में हुई हिंसा के बाद बने हालातों पर नजर बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज के अपने कर्नाटक के चुनावी दौरे को रद्द कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में चुनाव प्रचार के लिए गृह मंत्री अमित शाह को शुक्रवार को कर्नाटक के दौरे पर जाना था जहां उनके कई चुनावी कार्यक्रम पहले से ही तय थे। शाह को कर्नाटक में आज दो रोड शो और एक बैठक करनी थी लेकिन मणिपुर के हालात पर नजर बनाए रखने के लिए उन्होंने कर्नाटक जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में हुई हिंसा के कारण बिगड़े हालात को लेकर गृह मंत्रालय लगातार नजर बनाए हुए हैं। गुरुवार को ही शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से बात की थी। गृह मंत्री ने गुरुवार को ही दो बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्र और राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की थी और केंद्र सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया था।सूत्रों के मुताबिक, शाह आज भी दिल्ली से मणिपुर के हालात पर नजर बनाए रखेंगे और जरूरत पडने़ पर बैठक भी कर सकते हैं।

# उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों की पेंशन में बदलाव को बनेगा कानून

### विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों के पेंशन को नया कानून बनने जा रहा है। पेंशन के इस मामले पर कुछ विभागों के कर्मचारियों ने आपत्ति भी दर्ज कराई है। उत्तराखण्ड पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा तथा विधिमान्यकरण विधेयक-2022 को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंजूरी दे दी। औपचारिक अधिसूचना जारी होने के बाद यह उत्तराखंड का नया कानून बन जाएगा। इस कानून के लागू होने से मौलिक नियुक्ति की तारीख से ही सेवा अवधि की गणना की जाएगी और इसी आधार पर पेंशन तय होगी।

लंबी अस्थायी सेवाओं के बाद परमानेंट होने वाले कार्मिकों के लिहाज से यह कानून काफी महत्वपूर्ण है। सचिव-राज्यपाल रविनाथ रमन ने विधेयक को मंजूरी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विधेयक को मंजूरी के बाद विधायी विभाग भेज दिया गया है।

इस साल मार्च में गैरसैंण में हुए बजट सत्र में यह विधेयक पारित हुआ था। दअरसल, पेंशन लाभ के लिए दस साल की न्यूनतम सेवा अनिवार्य है। लेकिन लोनिवि, सिंचाई समेत कुछ विभागों में कार्मिकों ने अपनी दैनिक वेतन, तदर्थ, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन व अंशकालिक रूप में अस्थायी सेवाओं को भी पेंशन के लिए जोड़ने की मांग की थी। कुछ मामलों में कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दिया था। इस प्रकार के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने पेंशन को लेकर कानून बनाने का निर्णय किया । यह कानून पूर्व में जारी फैसलों पर भी लागू होगा।

माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा और महामंत्री जगमोहन सिंह रावत ने इस विधेयक को शिक्षक-कर्मचारी विरोधी करार दिया है। उन्होंने इस विधेयक को स्वीकार न करने के बाद बाबत राज्यपाल को ज्ञापन भी दिया था। डा. शर्मा के अनुसार सरकार को दोबारा से इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। कई कई साल तक तदर्थ व अस्थायी आधार पर नौकरियां करते हैं। मौलिक नियुक्ति से सेवा की गणना करना नाइंसाफी होगा।

वर्ष 2005 से पहले की विज्ञप्ति के आधार पर चयनित कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के लिए सरकार फार्मूला तैयार कर रही है। 19 मई को मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु वित्त, कार्मिक, न्याय विभाग के साथ इस पर चर्चा करेंगे। वित्त विभाग ने सभी विभागों को इस विषय की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। करीब दो हजार शिक्षक-कर्मचारियों के इस फैसले के दायरे में आने की उम्मीद है। वित्त विभाग के उपसचिव नंदन सिंह बिष्ट ने सभी विभागों को भेजे पत्र में कहा कि 19 मई को मानकों का परीक्षण किया जाएगा।

धामी कैबिनेट पिछले साल पांच जनवरी 2022 को एक समान विज्ञप्ति से चयनित कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने का निर्णय कर चुकी है। वहीं चंपावत के शिक्षक पल्लव जोशी बताते हैं कि एक अक्टूबर 2005 को ज्वाइनिंग न हो पाना प्रक्रियागत देरी थी। एक ही बैच के शिक्षकों के बीच दोहरी व्यवस्था बन चुकी है। प्रक्रियागत देरी की सजा शिक्षक-कर्मचारियों को नहीं दी जानी चाहिए थी।

## दस दिन में छह हजार ही कर पाए हेलीसेवा का प्रयोग

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के शुरुआती दस दिन में महज छह हजार यात्री ही हेलीसेवा का लाभ ले पाए हैं। इस दौरान मौसम खराब होने के कारण करीब चालीस प्रतिशत उड़ाने ही संभव नहीं हो पाई हैं। यूकाडा के आंकड़ों के मुताबिक 25 अप्रैल को कपाट खुलने के साथ ही धाम में हेलीसेवा का भी संचालन हो गया था। तब से चार मई तक कुल 1125 उड़ानें संभव हो पाईं, जिसमें 6227 यात्री धाम पहुंचे, जबकि 5192 ने हेली से वापसी की। जो कि कुल बुकिंग के करीब चालीस प्रतिशत ही है। मौसम की खराबी के कारण उड़ानें संभव नहीं हो पाई, दूसरी तरफ लोग भी तय समय पर हेलीपैड के लिए नहीं पहुंच पाए। यूकाडा के सीईओ सी रविशंकर ने बताया कि चार मई को ही 161 उड़ान के जरिए 885 यात्रियों ने धाम के लिए उड़ान भरी जबकि 262 टिकट बुकिंग के बावजूद निरस्त करनी पड़ी हैं।

## पुल से नीचे गिरी रोडवेज बस, चालक की मौत, छह यात्री घायल



**रामनगर (नैनीताल)।** रामनगर में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। कोसी नदी पर बने नए पुल पर तेज गति से आ रहे एक छोटा हाथी को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस पलट कर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक सहित छह यात्री घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद सभी अपने गंतव्य को चले गए।जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी से रामनगर डिपो की बस संख्या यूके-07पीए-2487 रामनगर आ रही थी। बस में 16 यात्री सवार थे, सभी रामनगर आ रहे थे। बाल सुंदरी मंदिर की ओर से जैसे ही बस कोसी नदी पर बने नए पुल पर चढ़ी तभी सामने से तेजी गति से टाटा 407 (छोटा हाथी) संख्या यूके-04सीए-5728 आ रहा था और वह गलत दिशा में चल रहा था। हादसे में बस चालक 42 वर्षीय गुलबदन सिंह निवासी गांव कल्लूवाला थाना रेहड़ जिला बिजनौर की मौत हो गई। जबकि परिचालक करमपाल सिंह पुत्र बलदेवी सिंह निवासी गांव कल्लूवाला थाना रेहड़ जिला बिजनौर सहित यात्री भगवन कौर पत्नी कश्मीर सिंह निवासी कालागढ़, मुस्कान पुत्री भगत सिंह निवासी भरतपुरी, प्रिया पुत्री जीवन सिंह निवासी भरतपुरी, काजल पुत्री मोहन चंद्र, कौशल्या पत्नी सुरेंद्र बिष्ट, सुरेंद्र बिष्ट निवासी काशीपुर घायल हो गए।

## प्रभावित क्षेत्र में नहीं दिखाई दे रहा है बाघ, टीम ने डाला हुआ डेरा

**जयन्त प्रतिनिधि :**

**पौड़ी :** बाघ प्रभावित नैनीडांडा और डल्ला में वन विभाग की टीम ने डेरा डाला हुआ है। हालांकि बीते एक सप्ताह से भी अधिक समय से बाघ दोनों ही जगहों पर नहीं दिखाई दिया है।

बाघ ने रिखणीखाल के डल्ला और नैनीडांडा के भैड़गांव सिमल्ली में हमले किए थे, जिनमें दो लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने 16 अप्रैल से यहां डेरा डाल दिया था। टीम ने इस बीच जुई के पास के एक बाघ को पकड़ने में भी सफलता हासिल की थी। बाघ के इन हमलों के बाद प्रशासन ने नैनीडांडा और रिखणीखाल क्षेत्र के स्कूलों को बंद रखा था, अब स्कूलों को दोबारा विधिवत खोल दिया गया है। भैड़वांव में बाघ के हमले के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी वन विभाग के प्रति रोष जाहिर कर प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन के बाद वन विभाग ने भैडगांव में भी बाघ को ट्रैंक्यूलाइज करने के लिए पशुचिकित्सकों की एक टीम तैनात की थी, टीम अभी भी डेरा डाले हुए है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वपनिल अनिरुद्ध ने बताया कि बाघ दोनों ही जगहों पर नहीं दिखाई दे रहा है। दोनों ही जगहों पर टीमें तैनात है।

रात्रि गश्त को जारी रखा गया है। भैडगांव में एक तो डल्ला में दो बाघ ट्रैपिंग कैमरों में कैद हुए थे। जिनमें से एक ही बाघ डल्ला के पास पकड़ा गया था। डीएफओ के मुताबिक जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते है तब तक टीम को नहीं हटाया जाएगा। बाघ को लेकर अनुमान है कि अब उसके नहीं दिखाई देने के पीछे यह भी हो सकता है कि वह फिर वापस कार्बेट पार्क में चला गया हो। फिर भी विभागीय टीमें वहां से हटाई नहीं गई है।

### पीएम मोदी ने किया फिल्म 'द केरल स्टोरी' का जिक्र, बोले

# वोट बैंक के लिए कांग्रेस इसका विरोध कर रही

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कर्नाटक के बल्लारी के म्युनिसिपल हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'द केरल स्टोरी' का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्रीने कहा कि बीते कुछ वर्षों में आतंकवाद का एक और भयानक स्वरूप पैदा हो गया है। बम, बंदूक और पिस्तौल की आवाज तो सुनाई देती हैं, लेकिन समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिश की कोई आवाज नहीं होती। ऐसी ही आतंकी साजिश पर बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी' की इन दिनों काफी चर्चा है। कहते हैं कि केरल स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकवादियों की नीति पर आधारित है।



उन्होंने कहा कि फिल्म आतंकी साजिशों को लेकर बनाई गई है। इसके जरिए आतंकवाद के खौफनाक और असली चेहरे को बेनकाब किया गया है। अब कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ बनी इस फिल्म का विरोध कर रही है। वे आतंकी प्रवृत्तियों के साथ खड़े हैं। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के लिए आतंकवाद का बचाव किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर सबसे प्रमुख आवश्यकता है। कर्नाटक का आतंकवाद से मुक्त रहना भी उतना ही जरूरी है।

भाजपा हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है। जब भी आतंकवाद पर कार्रवाई होती है कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं ये देख कर हैरान हूं कि अपनी वोट बैंक के खातिर कांग्रेस ने आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए हैं। ऐसी पार्टी क्या कभी भी कर्नाटक की रक्षा कर सकती है? आतंक के माहौल में यहां के उद्योग, क्ळ इंडस्ट्री, खेती, किसानी और गौरवमयी संस्कृति सब कुछ तबाह हो जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि कल यहां इतनी बारिश के बाद इतनी कठिनाइयां थीं, उसके बावजूद ये जनसैलाब भाजपा को आशीर्वाद देने आया है। ये दर्शाता है कि चुनाव के नतीजे क्या हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने देश की व्यवस्थाओं के साथ ही देश की राजनीति को भी भ्रष्ट करने का काम किया है। बीते कुछ वर्षों में कांग्रसे ने भारत की राजनीति में एक और बीमारी पैदा कर दी है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पैसों के दम पर अपने इको सिस्टम के दम पर झूठे नैरेटिव गढ़ती है। कांग्रेस की कोशिश होती है कि ऐसा करके वे जनता को भ्रमित कर दें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ढेर सारे झूठे वायदें हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र मतलब तालाबंदी और तुष्टिकरण का बंडल है। अब तो कांग्रेस की हालत इतनी बुरी है कि उनके पैर कांप रहे हैं और इसलिए कांग्रेस को मेरे जय बजरंग बली बोलने पर भी आपत्ति होने लगी है।

उन्होंने कहा कि येदियुरप्पा जी और बोम्मई जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को सिर्फ साढ़े तीन साल सेवा का मौका मिला है। जब यहां कांग्रेस की सरकार थी तब उसने कर्नाटक के विकास के बजाय भ्रष्टाचार को ही प्राथमिकता दी। इसका कारण क्या था? इसे खुद उनके पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बताया था कि अगर उनकी सरकार दिल्ली से 100 पैसा भेजती है तो 15 पैसा ही गरीब तक पहुंचता है। एक तरह से उन्होंने खुद ही मान लिया था कि कांग्रेस 85% कमीशन वाली पार्टी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सूडान में गृह युद्ध की स्थिति ऐसी है कि बड़े-बड़े देशों ने भी अपने नागरिकों को वहां से निकालने से मना कर दिया था लेकिन भारत सरकार अपनी कोशिशों में लगी हुई थी। हमने ऑपरेशन कावेरी चलाया और ऐसी-ऐसी जगहों से हमारे लोगों को वापस लाए जहां विमान तक उतरना मुश्किल हो रहा था और ऐसे मुश्किल समय में कांग्रेस ने देश का साथ नहीं दिया।

इससे पहले भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रायचूर में रोड शो किया। यहां उन्होंने कहा कि लंबे समय से आरक्षण को जो विषय चल रहा था, उसको रोकने का काम कांग्रेस ने किया है लेकिन बोम्मई साहब ने दलितों का 2%, आदिवासियों का 4% और लिंगायतों का 2% आरक्षण बढ़ा दिया। इसके साथ ही धर्म के आधार पर आरक्षण को समाप्त कर दिया।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया डोल आश्रम में श्रीकल्याणिका हिमालय देवस्थानम के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज डोल आश्रम पहुँचकर कल्याणिका हिमालय देवस्थानम के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने 1100 कन्याओं का पूजन करने के साथ ही नर-नारायण मूर्तियों का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने श्रीयंत्र में पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि परम पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने एक साधक के रूप में पॉच दशकों तक लगातार साधना की और सम्पूर्ण भारत वर्ष के अन्दर अनेकों ऐसे प्रकंल्प खड़े किये जिनके माध्यम से सामान्य घर में पैदा होने वाले, गरीब घर में पैदा होने वाले लोगों के उत्थान का कार्य, शिक्षा देने का कार्य, स्वास्थ्य सुविधा देने का कार्य, एवं उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने इस आश्रम में जिस प्रकार से श्रीयंत्र स्थापित किया है आने वाले समय में केवल भारतवर्ष ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लोग इस आश्रम में शान्ति, आध्यात्म और संस्कृति को जानने के लिए आयेंगे।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को बुद्व पूर्णिमा की बधाई दी और महात्मा बुद्व के धर्म, शान्ति एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि बाबा जी की जो सोच है कि आने वाले समय पर यहॉ से पलायन पर रोक लगे और यहॉ के लोगों को यहीं पर कार्य करने का अवसर मिले, इस क्षेत्र में यह केन्द्र सभी के अन्दर कही न कही जागृति लाने और उस दिशा में प्रेरित करने का कार्य भी कर रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आश्रम जहॉ एक ओर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, वहीं युवाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में शिक्षित करने का महान कार्य भी इसके माध्यम से हो रहा है। देवभूमि उत्तराखंड में जन्म लेना अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य है। यह आश्रम हमारी जो पुरानी सभ्यता, संस्कृति है उसकी जीती-जागती मिशाल है। यह साधना और आध्यात्म का एक भव्य और दिव्य केन्द्र है। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये उत्तराखण्ड का संकल्प लेकर निरन्तरता से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम भी पॉचवें धाम के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संस्कृति संरक्षण हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्व है, इसके लिए हमारी सरकार एक कठोर धमान्तर्रण का कानून लेकर आयी है। हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि भूमि अतिक्रमण को भी समाप्त किया जायेगा तथा समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहॉ पर 03 नये पार्किग स्थल विकसित किये जायेंगे तथा आश्रम में जो संस्कृत विद्यालय संचालित किया जा रहा है उसका महाविद्यालय बनाने के लिए या विश्वविद्यालय बनाने का प्रयास किया जायेगा।उन्होंने कहा कि डोल आश्रम को पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने स्थापित किया। उनकी सोच के अनुरूप धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और शिक्षा के एक बड़े केन्द्र के रूप में यह आगे बढ़ रहा है एवं विकसित हो रहा है। उन्होंने महाराज जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण जीवन यहॉ के लोगों की सेवा एवं परमार्थ के कार्यों में लगाया। उन्होंने कहा कि जो हमारा मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन है उस मिशन के अन्तर्गत यह आश्रम भी एक अंग के रूप में विकसित होगा तथा आने वाले समय में जिस प्रकार चारधाम यात्रा चलती है।

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में 1.70 लाख ने किए दर्शन

**उत्तरकाशी।** मौसम की दुश्वारियों के बीच भी गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी नहीं आई है। प्रतिदिन हजारों की तादाद में बाहरी प्रान्तों से श्रद्धालु गंगोत्री और यममुनोत्री धाम में दर्शन के लिये आ रहे हैं। यात्रा के दो सप्ताह के अंदर ही 1.70 लाख श्रद्धालु दोनों धामों पर सुरक्षित दर्शन कर चुके हैं।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने गंगोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यात्रा रुट पर नियुक्त ड्यूटियों को चेक किया। उन्होंने बरसात व विपरीत परिस्थितियों मे ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों का हौसला अफजाई कर उनकी समस्याओं को सुना तथा सभी को सजग रहते हुये पुरे मनोयोग के साथ ड्यूटी करने की बात कही। यात्री पंजीकरण केन्द्र हीना पर तैनात सभी कर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सभ्य एवं मृदु व्यवहार तथा यात्री रिकार्ड को सही तरीके से मेन्टेन करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही संवेदशील स्थानों हेलगुगाड, स्वारीगाड, गंगनानी, डबरानी, सुक्की आदि का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा के इन्तजामों का भी जायजा लिया।

## बुद्ध पूर्णिमा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**हरिद्वार।** बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर धर्मनगरी में लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत अन्य गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। सुबह सूर्योदय से ही हरकी पैड़ी समेत तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते श्री गंगा सभा और पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ी। गंगा स्नान का यह दौर सुबह से देर शाम तक जारी रहा। बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व पर शुक्रवार को तड़के से ही हरकी पैड़ी व उसके आसपास के गंगा घाटों पर स्नान और पूजन शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर ब्रह्म कुंड में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य के साथ मंदिरों के दर्शन किए। मां मनसा देवी और चंडी देवी मंदिरों के दर्शन को श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। इधर, हाईवे पर वाहनों के दबाव के चलते पुलिसकर्मियों को यातायात सुचारु चलाने के लिए पसीना बहाना पड़ा। श्रद्धालुओं की भारी आमद से व्यापारियों के भी चेहरे खिले रहे । मान्यता है कि गंगा स्नान करने से मां गंगा अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार आज के दिन गंगा स्नान, दान और भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का पूजन विशेष फलदायी होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इसी पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी तिथि को कठिन साधना के बाद उन्होंने बुद्धत्व प्राप्त किया था।

## नकली ट्रेक सूट बेचने वाले व्यापारी पर मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : क्षेत्र में शिव नरेश नाम की कंपनी के लोगो लगे हुए नकली ट्रेक सूट बेचने वाले व्यापारी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को पुलिस व कंपनी के अधिकारियों ने बदरीनाथ मार्ग स्थित एक स्पोर्ट्स की दुकान से नकली ट्रेक सूट बरामद किए थे।

शिव नरेश कंपनी के अधिकारी सूर्यप्रकाश ने बताया कि उन्हें लंबे समय से कोटद्वार शहर में कपनी के नाम से नकली ट्रेक सूट बिकने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद उन्होंने बदरीनाथ मार्ग स्थित एक स्पोर्ट्स की दुकान में छापेमारी की। बताया कि उक्त दुकान से बड़ी संख्या में कंपनी के लोगो लगे हुए नकली ट्रेक सूट बरामद किए गए। जिसे पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

### जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाने की दी चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** जन समस्याओं से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यकर्ताओं ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कांग्रेस ने मालवीय उद्यान में हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता बृजभूषण सिंह द्वारा कथित रूप से महिला पहलवानों का उत्पीड़न करने, भाजपा सरकार द्वारा उसे संरक्षण प्रदान करने, अंकिता हत्याकांड के दोषी के पिता विनोद आर्य के दवाब में बीजेपी सरकार द्वारा हत्याकांड की सीबीआई जांच न कराने, भर्ती घोटालों में भाजपा नेताओं के संलिप्त होने और भाजपा के ही मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल द्वारा निर्दोष व्यक्ति के साथ मारपीट करने से आक्रोशित कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की बुद्धि-शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा नेता सत्ता के मद में चूर होते जा रहे हैं। उन्हें दोषी और निर्दोष में फर्क भी नजर नहीं आ रहा है। यही कारण है कि वे आए दिन नया हंगामा खड़ा कर रहे हैं। मौके पर कार्यकर्ताओ ने बजरंगबली से भाजपा नेताओं को सदबुद्धि देने की कामना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं यमकेश्वर में ब्लाक अध्यक्ष क्रांति कपरवाण व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल व रिखणीखाल में ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान पूर्व सचिव प्रवेश रावत, गुड्डू चौहान, अमितराज सिंह, पार्षद नईम अहमद, पार्षद विपिन डोबरियाल, नीरज बहुगुणा, विनोद नेगी, अनिल चौधरी, मुदित कुकरेती और संजीव गौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटद्वार के मालवीय उद्यान में हनुमान चालीसा का पाठ करते कांग्रेसी

## कांग्रेस ने किया भाजपा नेताओं की सदबुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ

जयन्त प्रतिनिधि :

**पौड़ी** : भाजपा के बजरंग दल द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश है। जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं की सदबुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हनुमान पाठ कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने भाजपाइयों को सदबुद्धि देने की प्रार्थना भी की। जिला कार्यकारिणी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेसियों ने मुख्यालय पौड़ी में बल–बुद्धि के देवता हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि भाजपा के बजरंग दल के लोगों के द्वारा जिस प्रकार से लाठी और डंडों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है। कहा कि हनुमान जी पूरे हिन्दू धर्म की आस्था का प्रतीक हैं। उन पर किसी का एकाधिकार नहीं है। ऐसे में बजरंग दल के लिए कुछ बोलने का यह मतलब कतई नहीं कि हनुमान जी के बारे में बोला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भरत सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कोट विजयदर्शन बिष्ट, अनिता रावत, गोपाल नेगी, मनमोहन, उपेंद्र रावत, श्रीकांत आदि मौजूद रहे।

## अभिभावक सम्मेलन में रखी वर्ष भर की कार्य योजना



आयोजित सम्मेलन में भाग लेते शिक्षक व अन्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** महादेव सरस्वती शिशु-विद्या मन्दिर हाईस्कूल जशोधरपुर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों के समक्ष वर्ष भर की कार्य योजना रखी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक जितेन्द्र चन्द्र डोबरियाल व अभिभाविका दीपिका सकलानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में शिशुओं के व्यावहारिक, शैक्षणिक, शारीरिक व बौद्धिक गतिविधियों के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार केमनी ने शिशुओं की दिनचर्या, पठन-पाठन व व्यावहारिक गुणों के विषय पर जानकारी दी। प्रबंधक जितेन्द्र चन्द्र डोबरियाल ने विद्यालय शैक्षणिक व्यवस्थाओं व संस्कारों की जानकारी अभिभावकों को दी। दीपिका सकलानी ने कहा कि अभिभावकों को भी अपने शिशुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में आचार्य जसपाल नेगी, भूपेन्द्र रावत ने भी अपने विचार रखे। बैठक में 130 अभिभावक, प्रबन्ध समिति के अलावा समस्त आचार्य उपस्थित रहे। सम्मेलन का संचालन आचार्य अशोक कुमार ने किया।

# 85 छात्रों ने किया प्लेसमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन

**पौड़ी :** जीबी पंत इंस्ट्रीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुड्दौड़ी के छात्रों के लिए प्लेसमेंट को लेकर महेंद्रा और आर एंड ए कंपनी ने डिमांड की है। महेंद्रा में प्लेसमेंट के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी के 60 छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन भी कर दिया। महेंद्रा कंपनी की ओर से प्लेसमेंट की डेट और जगह के निर्धारण होना बाकी है। वहीं आर एंड ए कंपनी ने प्लेसमेंट के लिए 19 और 20 मई की तिथि दी है। इसके लिए कॉलेज के 25 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में इससे पूर्व बीईएल की केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला गाजियाबाद ने प्लेसमेंट के जरिए यहां छात्रों का चयन किया था, जिसमें चयनित छात्रों को 11 लाख का सालाना पैकेज के लिए चयन किया गया। बीईएल ने यह अभियान कंप्यूटर साइंस के छात्रों के लिए चलया था। जिसमें इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी के 8 छात्रों सहित एनआईटी के 3 छात्रों का भी चयन सदस्य अनुसंधान स्टाफ प्रोफाइल के लिए हुआ था। वहीं ऑन लाइन हुए प्लेसमेंट में कॉलेज के 5 छात्रों का चयन एचसीएल कंपनी के लिए भी हुआ। अब रुद्रपुर स्थित महेंद्रा कंपनी ने मैक्निकल और इलेक्ट्रिकल के छात्रों के चयन को लेकर जानकारी मांगी है। इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी के डीएन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर डॉ मनोज कुमार पांडा ने बताया कि प्लेंसमेंट को लेकर कंपनियां संपर्क करती है। बीईएल के बाद अब महेंद्रा ने मैक्निकल और इलेक्ट्रिकल के छात्रों को लेकर जानकारी मांगी है। प्लेसमेंट को लेकर कॉलेज के 60 छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। महेंद्रा के ओर से अभी प्लेसमेंट को लेकर जगह और तिथि फाइनल नहीं की गई है। वहीं आर एंड ए कंपनी ने कंप्यूटर साइंस और एमसीए के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए 19 और 20 मई की डेट दी है। इसमें करीब 25 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

## शहीदों के बलिदान को किया याद

**कोटद्वार** : गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट केंद्र लैंसडौन की ओर से देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को याद किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने गढ़वाल राइफल्स के स्थापना दिवस पर युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए दिए गए सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि हमें कड़ी मेहनत से रेजिमेंट को ऊंचाई पर ले जाना है।

# बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एससीएसटी एट्रोसिटी परीरक्षण समिति सहित अन्य संगठनों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में बताए गए भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को समिति के सदस्यों ने बुद्धा पार्क में स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया। समिति के संगठन मंत्री अमजन घाघट ने कहा कि आज का मानव हताश, निराश व दुःखी है। बुद्ध का ज्ञान पाकर इन सबसे छुटकारा पाया जा सकता है। बुद्ध ने समाज को सदैव सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।



कोटद्वार के बुद्धा पार्क में भगवान बुद्ध को नमन करने पहुंचे समिति के सदस्य

इसके उपरांत सदस्यों ने बुद्धा पार्क में जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। वक्ताओं ने कहा कि शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण बुद्धा पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। सरकारी सिस्टम में बुद्धा पार्क के संरक्षण के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। समिति ने बुद्धा पार्क में कूड़े दान लगाने के साथ ही बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। इस मौके पर जनाधिकार मंच के अध्यक्ष आशा राम, अंबेडकर जागृति समिति के अध्यक्ष तेजपाल सिंह, सुषमा सुनहरा, छोटे लाल, संजीव, ममता, दीपा देवी आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाली गीत, थड़िया, चौफला की प्रस्तुति ने मोहा मन

### चौबट्टाखाल के प्रखंड पोखड़ा के गवाणी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : चौबट्टाखाल के प्रखंड़ पोखड़ा के अंतर्गत गवाणी में उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच व हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में फीलगुड महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में गढ़वाली कवि गोष्ठी के अलावा महिला दल ने गढ़वाली गीत, थड़िया, चौंफला की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जगमोहन रावत की गढ़वाली में लिखी पुस्तक दुणत्यली कु कन्यादान का विमोचन भी किया।



पोखड़ा के गवाणी में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने पहुंची छात्राएं।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी डा. जयंत नवानी, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत, महाविद्यालय चौबट्टाखाल के प्राचार्य डा. डीएस नेगी व सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डा. जयंत नवानी ने कहा कि फीलगुड मातृ भूमि के प्रति एक समर्पित संगठन है।

उत्तराखंड के कृषि बागवानी, शिक्षा सहित समाज के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन की तरफ से मातृ भाषा सरंक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। फील गुड महोत्सव में गढ़वाली भाषा में आयोजित कवि गोष्ठी में कवियों ने पहाड़ की समस्याओं को उठाया। महिला मंगल दल गवांणी, किमगडी, चोपडा, चरगाड की महिला मंगलदलों ने थड़िया, चौंफला की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर जसवीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अबरार हैदर व रौनक बेगम बने नगर महामंत्री

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से नगर कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अबरार हैदर व रौनक बेगम को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष महमूद मुस्कान ने बताया कि शमसाद अहमद, मुख्तार माहीगीर, जावेद अहमद को नगर उपाध्यक्ष, अबरार हैदर, रौनक बेगम महामंत्री, राजा, नाजरीन, दिलशाद शेख नगर मंत्री, जिशान अली कोषाध्यक्ष, दिलशाद माहीगीर नगर मीडिया प्रभारी व सोहेब को नगर सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि, गुलशन, नूर हसन, इरफान, नरगिस, आसिफ, नाजिया, शमशाद बेगम, कौसर जहां, अनस, मो. असलम, अब्दुल वासित को नगर सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

# यात्रा के लिए अब तक 1661 वाहनों के बनें ग्रीन कार्ड, लिंक रूटों पर वाहनों की नहीं होगी कमी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : चारधाम यात्रा पर जाने वाले वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड बनने का सिलसिला जारी है। अभी तक पौड़ी परिवहन संभाग में 1661 वाहनों के ग्रीन कार्ड बना दिए गए हैं। हालांकि अभी चारधाम यात्रा में वाहनों की किसी तरह की कमी सामने नहीं आई है।

वहीं यात्रा के कारण लिंक रूटों पर आवागमन बाधित न हो इसके लिए परिवहन महकमे ने पूरी व्यवस्थाएं की है। हर बार चारधाम यात्रा में वाहनों के व्यस्त हो जाने के कारण जिलों में लिंक रूटों पर यातायात को लेकर स्थानीय लोगों को परेशानियां होती है। लिंक रूटों पर आवागमन चलता रहे इसके लिए रूट वार टैक्सी के संचालन को लेकर कार्ययोजना बनाई गई।

पौड़ी के आरटीओ द्वारिका प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में पहले ही खाका खींचा गया है। टैक्सी यूनियनों से बातचीत कर 8 से लेकर 10 छोटे वाहन रिजर्व में रखे जाएंगे जो लिंक रूटों की यातायात व्यवस्था के लिए होंगे। आरटीओ के मुताबिक बस कंपनी जीएमओयूलि से लेकर अन्य को भी रोटेशन से ही बसों के संचालन के लिए कहा गया है। बस जैसे ही यात्रा का एक चक्क र काट कर आएंगी वह अपने पुराने रूट पर चलेगी ताकि वह लिंक रूटों पर यातायात को लेकर किसी तरह की परेशानी न हो। आरटीओ पौड़ी ने बताया कि जो बसे यात्रा पर लगी है, वह एक चक्कर लगने के बाद ही वह अपने रूट पर वापस आ जाएगी। जबकि 8 से लेकर 10 टैक्सी वाहन भी लिंक रूटों के लिए रहेंगे जिस रूट से डिमांड आएगी उन्हें वहां संचालिल किया जाएगा। इसी तरह से सचल सेवा के माध्यम से सोन प्रयाग से गौरीकुंड तक की यातायात व्यवस्था संचालित की जा रही है। बीते साल चारधाम यात्रा के लिए अकेले पौड़ी संभाग जिसमें पौड़ी, कोटद्वार, रुद्रप्रयाग और चमोली शामिल है 1751 वाहनों के ग्रीन कार्ड बनाए गए थे, लेकिन अभी दो महीने के भीतर ही इस संभाग में ग्रीन कार्ड की संख्या 1661 तक पहुंच गई है और आगे भी इस संख्या में बढ़ोत्तरी होनी है।

# अंकिता हत्याकंड की हो सीबीआई जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। कहा कि जनता की मांग के बाद भी सरकार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। दल ने जल्द सीबीआई जांच नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कलालघाटी में दल की बैठक आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत ने मुख्यमंत्री अंकिता हत्याकांड की सीबीआई से जांच करवाने की मांग उठाई। कहा कि देवी भूमि की बेटी को न्याय मिल सकें इसके लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना होगा। कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल अंकिता हत्याकांड के अपराधियों को फांसी की सजा देने के लिए आंदोलन करता रहेगा। राज्य आंदोलनकारी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष पितृशरण जोशी ने




उक्रांद की बैठक में भाग लेते सदस्य ।

विधानसभा भर्ती घोटाले के आरोपी और वर्तमान मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को तत्काल मंत्रीमंडल से बर्खास्त करने की मांग उठाई। कहा कि मंत्री ने सरेआम युवक के साथ मारपीट कर प्रदेश की जनता को शर्मिंदा किया है। केंद्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी ने मोटर नगर कोटद्वार में जल्द आधुनिक बस अड्डे के निर्माण की मांग उठाई।

कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। इस मौके पर सर्वेंद्र काला, श्रवण सिंह रावत, रमेश चंद्र कोठारी, प्रकाश बमराड़ा, दर्शन सिंह नेगी, राम सिंह चौहान, प्रदीप रावत, कमलेश कुकरेती, विनोद चौधरी, बलवंत सिंह नेगी, यतेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# स्थानीय रोजगार के नए अवसर तलाशने की आवश्यकता : प्रो. सती

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग उत्तराखंड्स विजन टु बी द अल्टीमेट टूरिस्ट डेस्टिनेशनः स्कोप एंड चैलेंजेज विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एमसी सती ने तीर्थाटन तथा उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देकर उसे प्रमुख पर्यटन में शामिल करने तथा पांडव नृत्य, नंदा राजजात, रम्माण जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रदेश के अन्य स्थानों में आयोजित कर स्थानीय रोजगार के नए अवसर तलाशे जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रो. सती ने कहा कि उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन एवं फिल्म उद्योग के तौर पर विकसित करना होगा। जिसके लिए त्रिजुगीनारायण, औली जैसे स्थानों के साथ अन्य वेडिंग डेस्टिनेशन तथा फिल्म डेस्टिनेशन भी विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि उत्तराखंड का पर्यटन राज्य की आर्थिकी की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन से होने वाली मौसमीय घटनाएं तथा विभिन्न आपदाएं, पर्यटन के लिए प्रमुख चुनौती के रूप में हमारे समक्ष हैं। जिससे निपटने के लिए सरकार द्वारा समय–समय पर विशेष योजनाएं चलायी जाती रही हैं। इसके लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करना जरूरी है। शोध छात्र देवेंद्र सिंह रावत, अदिति रावत, विदुषी डोभाल, डॉ. नरेश कुमार, डा. हेमलता वर्मा, अरविंद रावत, अभिषेक, विवेक नैथानी, आयुषी थलवाल, शैलजा, ओमिन पंत, अमनदीप, सुमित कुमार, रोहित, मिलाप एवन दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# रोवर्स, रेंजर्स को दी जीवन में आगे बढ़ने की सीख

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित तीन दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हो गया है। शिविर में शिक्षकों ने रोवर्स, रेंजर्स को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि हमें अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ने की तैयारी करनी चाहिए।

समापन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार, शांति रतूड़ी व आरसी लखेड़ा ने रोवर्स, रेंजर्स को भारत स्काउट एवं गाइड के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कहा कि शिविर के माध्यम से रोवर्स, रेंजर्स को कई नई जानकारियां प्राप्त हुई है। अब हमें इन जानकारियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षकों ने रोवर्स, रेंजर्स के झंडे के बारे में भी जानकारी दी। इसके उपरांत प्रो. मुरलीधर कुशवाह ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले रोवर्स, रेंजर्स को भी सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट योग समिति के संस्थापक डा. सत्येंद्र सिंह ने रोवर्स, रेंजर्स को प्रत्येक दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करने की सीख दी। इस मौके पर रेंजर प्रभारी डा. सुषमा भट्ट थलेडी, डा. ऋचा जैन, डा. देवेंद्र सिंह चौहान, डा. कपिल देव थपलियाल, डा. तृप्ति दीक्षित, डा. अमित गौड़, डा. सूर्य मोहन गौड, डा. सुमन कुकरेती, डा. अजय रावत, डा. धनेंद्र कुमार पंवार आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय में आयोजित शिविर में भाग लेते शिक्षक व अन्य

# यूथ कांग्रेस ने वित्तमंत्री का पुतला फूंका



पिथौरागढ़ : यूथ कांग्रेस ने वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के नेताओं पर गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के नशे में चूर भाजपा नेता उस जनता को बीच सड़क पर पीट रही है, जिनकी बदौलत उन्हें सत्ता मिली है। उन्होंने वित्तमंत्री से इस्तीफा देने को कहा है। शुक्रवार को नगर के सिल्थाम तिराहे में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक बोहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने वित्तमंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला जलाया। जिलाध्यक्ष बोहरा ने कहा कि वायरल वीडियो में वित्तमंत्री सरेआम युवक को पीटते नजर आ रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है। कहा कि जिस सरकार के कैबिनेट मंत्री जनता को पीट रहे हैं उनसे प्रदेश के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह महर और युकां प्रदेश सचिव करन खाती ने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में नाकाम रही है। बढ़ती महंगाई हो या फिर बेरोजगारी या फिर स्वास्थ सुविधाएं। भाजपा की डबल इंजन सरकार में सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। डीडीहाट विधानसभा अध्यक्ष कमलेश कठायत व जिला महासचिव राहुल लुंठी ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की गुंडागर्दी नही चलेगी। इस दौरान राहुल भट्ट, धीरज बेरी, काजोल बसेड़ा, शुभम भट्ट,कविराज महर, कुंडल सिंह, अम्मू, ऋषभ, भुप्पी ऐर, इनायत, त्रिभुवन चुफाल, राकेश आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कमान्डेंट मनोज राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

रुद्रपुर : ग्राम जवाहरनगर निवासी भारतीय सीमा सुरक्षा बल के कमान्डेंट मनोज कार्की को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस मेडल से अलंकृत किया।

यह सम्मान उन्हें महामहिम राष्ट्रपति के प्रतिनिधि एयर मार्शल आर रेडी ने बीते दिनों बैंगलुरू में हुए सम्मान समारोह में दिया। मनोज कार्की वर्तमान में उड़ीसा में कार्यरत हैं। कार्की ने प्रारंभिक शिक्षा कैंपस स्कूल पंतनगर, हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा पंतनगर इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण की। उन्होंने बीएससी एग्रीकल्चर और एमएससी एग्रीकल्चर की डिग्री पंतनगर विश्वविद्यालय से प्राप्त की। वह 25 वर्षों से अधिक समय से देश को सेवाएं दे रहे हैं। (एजेंसी)



# स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

पिथौरागढ़ : कनालीछीना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक युवक को स्मैक के साथ पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज थानाध्यक्ष जावेद हसन और एसओजी प्रभारी हेम चंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने पिपली तिराहे के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रतौली निवासी मोहित बिष्ट के पास से पुलिस को 20.02 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। टीम में हेड कांस्टेबल मनोज देवलाल, कांस्टेबल राकेश राणा, सत्येंद्र सुयाल, गोविन्द रौतेला शामिल रहे। (एजेंसी)

# नैनीताल में बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुसीबतें



नैनीताल : नैनीताल में लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। शुक्रवार को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से सड़कों पर कई जगह मलबा आ गया। मलबा आने से तीन ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं। वहीं अल्मोड़ा एनएच पर दिनभर पत्थर गिरने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नैनीताल में करीब एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी सुबह से ही कोहरा और कुछ देर गुनगुनी धूप रही, लेकिन दोपहर बाद एकाएक मौसम ने करवट बदल ली। मूसलाधार बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही, जिससे सर्दी में इजाफा हो गया। इस दौरान नैनीताल घूमने आए पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों ने भी आवाजाही में फजीहत का सामना किया। आपदा कंट्रोल रूप से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के बाद जिले की तीन ग्रामीण सड़कें बंद हैं। जिसमें रातीघाट–बुधलाकोट, हरतपा–हली तथा परेड़ा–देवनगर शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले एकमात्र मोटर मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को खासी परेशानी हुई। वहीं बारिश के बीच भवाली मार्ग पर जोखिया एवं कैलाखान के पास सड़क पर मलबा गिरता रहा। कालाढूंगी मार्ग पर खुर्पाताल क्षेत्र में मलबा आने से यातायात प्रभावित रहा। भवाली–अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरना–गरपानी के समीप कई क्षेत्रों में दिनभर पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे। यह क्षेत्र आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है। ऐसे में यहां से आवाजाही कर रहे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी वर्षा के दौरान नैनीताल की नैनी झील में गिरने वाले नाले भी उफान पर रहे। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी संजय पंवार के अनुसार शुक्रवार को नगर में अधिकतम तापमान 13 जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन शाम के समय पारे में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखी गई। (एजेंसी)

## लकड़ी के स्टेचर पर बीमार को अस्पताल पहुंचाया

पिथौरागढ़ : कालिका ग्राम सभा के तोक गोठीधुरा के ग्रामीणों के लिए सड़क मार्ग से संपर्क नहीं होना मुसीबतों का सबब बन गया है। स्थानीय मदन सिंह उम्र 58 वर्ष घर मे अचानक बेहोश हो गए। उनकी पत्नी के द्वारा दूरभाष के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी देने पर स्थानीय लोगों ने लकड़ी में कुर्सी को बांधकर स्टेचर बनाया। 5 किमी पैदल चलकर मरीज को किसी तरह कालिका पहुंचाया जहां से वाहन के माध्यम से 7 किमी दूर सीएचसी धारचूला में मरीज को लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद विभागीय लापरवाही के चलते सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

# मांगों को लेकर गल्ला विक्रताओं ने किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा : मानदेय सहित विभिन्न मांगें लंबित रहने से सस्ता गल्ला विक्रेताओं में आक्रोश व्याप्त है। मांगों को लेकर शुक्रवार को गल्ला विक्रेताओं ने नगर के मालरोड स्थित राजकीय खाद्यान्न गोदाम में सांकेतिक धरना–प्रदर्शन किया। मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

सौनी और जालली गोदामों में भी धरना–प्रदर्शन किया गया। मांगों को लेकर सस्ता गल्ला विक्रेता लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। इधर, शुक्रवार को गुस्साए गल्ला विक्रेता मालरोड स्थित खाद्यान्न गोदाम में जुटे और सांकेतिक धरना–प्रदर्शन किया। गल्ला विक्रेताओं के लिए मानदेय लागू किए जाने, पुराने बिलों का भुगतान, दुकान किराया, इंटरनेट खर्च का भुगतान आदि का




अविलंब निस्तारण की मांग उठाई गई। लंबे समय से सस्ता गल्ला विक्रेताओं की मांगों की लंबे समय से अनदेखी पर आक्रोश प्रकट करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई। रानीखेत के अलावा सौनी और जालली गोदामों में भी गल्ला विक्रेताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में राजेंद्र सिंह मेहरा, जयमल सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, संजय सिंह, बालम सिंह, प्रेम नाथ गोस्वामी, नवीन पंत, भीम सिंह, ललित सिंह, सदानंद सहित तमाम गल्ला विक्रेता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बगैर सत्यापन ई-रिक्शा चलाया तो खैर नहीं



रुद्रपुर : बगैर पुलिस सत्यापन के शहर में ई-रिक्शा चलाना संभव नहीं होगा। पुलिस ने चालकों को सत्यापन कराने, ई–रिक्शा पर दाहिनी ओर सुरक्षा जाली लगाने व यातायात के नियमों का पालन करने की गाइडलाइन जारी की है। शुक्रवार को कोतवाली में ई–रिक्शा चालकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी ई–रिक्शा चालकों को पुलिस सत्यापन कराना आवश्यक है। सत्यापन के बाद सीओ कार्यालय से एक आई कार्ड जारी होगा। इसे ई–रिक्शा चलाते समय पहनना आवश्यक होगा। बाहरी ई–रिक्शा का प्रवेश बंद किया जाएगा। ई–रिक्शा का रजिस्ट्रेशन होना भी जरूरी है। दूसरे चरण में रजिस्ट्रेशन की जांच की जाएगी। ई–रिक्शा को नेशनल हाईवे पर चलने की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि ई–रिक्शा के कारण शहर में जाम लगने की स्थिति में चालक की जिम्मेदारी मानी जाएगी। ई–रिक्शा का संचालन रूट प्लान के मुताबिक होगा। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी निर्देशों का पालन होना जरूरी है।

## 128 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी

नैनीताल : मेट्रोपोल कंपाउंड क्षेत्र में 128 अतिक्रमणकारियों को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। जल्द ही अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर जिला प्रशासन खुद ही अतिक्रमण हटाएगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर नगर पालिका व राजस्व की संयुक्त टीम ने मल्लीताल मेट्रोपोल कंपाउंड में सर्वे व सीमांकन किया था। सर्वे रिपोर्ट में मेट्रोपोल क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मिला है। अब एसडीएम राहुल साह ने मेट्रोपोल क्षेत्र में 128 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर लोग अपने दस्तावेजों के साथ कार्यालय में प्रस्तुत होंगे।

# नगर निगम तीन महीने में हटाएगा कचरे का पहाड़

रुद्रपुर : नगर निगम किच्छा रोड पर दशकों से जमा कचरे के पहाड़ को तीन माह में हटाएगा। इसको लेकर निगम ने कार्यदायी संस्था के अधिकारी को निर्देश दिए हैं। किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में दशकों से कचरे का पहाड़ खड़ा है। इस कचरे को हटाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसके लिए कई बार आंदोलन भी किए गए। मेयर ने कचरे के पहाड़ को हटाने और कचरे को निस्तारित करने का काम दिल्ली की एक संस्था को दिया। संस्था ने कचरे को निस्तारित करने के लिए ट्रोमल कन्वेयर मशीन स्थापित की है। इससे कचरे की छंटाई की जा रही है। शुक्रवार को मेयर रामपाल सिंह और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने मौके पर पहुंच कचरे की छंटाई के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द कचरे को निस्तारित करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाना उनकी प्राथमिकता है। स्वच्छता के मामले में वह रुद्रपुर शहर को शीर्ष पर लाना चाहते हैं। शहर के सभी वार्डों में घर–घर कूड़ा निस्तारण के लिए वाहन लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कूड़ा सड़क या नालियों में डालने की आदत को छोड़ना होगा, तभी हम शहर को स्वच्छ और सुंदर बना पाएंगे। वहीं निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त कार्यदायी संस्था के काम से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत कूड़े का निस्तारण किया जा चुका है। संस्था के अधिकारी को तीन माह के भीतर बाकी बचे कचरे को हटाने के लिए निर्देशित किया है। तीन माह में कूड़ा न हटने पर नोटिस जारी किया जाएगा। (एजेंसी)

## अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : सड़ासड़िया गांव में बस की टक्कर से हुई अधेड़ की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फुलैया गांव के मंदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अप्रैल को उसके पिता बलविदर सिंह (52 वर्ष) घर से बाइक से झनकट आ रहे थे। इसी दौरान सड़ासड़िया नहर की पुलिया के पास नानकमत्ता की ओर से आ रही प्राइवेट बस के चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

# भाकियू ने दिया पहलवानों के आंदोलन को समर्थन

रुद्रपुर : दिल्ली के जंतर मंतर पर जारी पहलवानों के धरना प्रदर्शन को भाकियू पदाधिकारियों ने अपना समर्थन दिया है। किसानों ने सरकार को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि पहलवानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो किसान फिर से ट्रैक्टर लेकर दिल्ली कूच करेंगे। शुक्रवार को भाकियू के कुमायूं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा की अगुवाई में किसान अनाज मंडी में जमा हुए यहां पर इन लोगों ने केंद्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की साथ ही दिल्ली जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों को अपना समर्थन दिया। विक्की रंधावा ने कहा कि इस तानाशाह सरकार के लिये न किसान कुछ हैं न जवान कुछ हैं और न ही पहलवान कुछ हैं। कहा कि केंद्र सरकार अपने सांसद को बचाने के लिये उन पहलवानों की आवाज दबाने पर तुली है जो पहलवान मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को भूलना नहीं चाहिये कि इन पहलवानों के साथ भाकियू खड़ी है। वहीं भाकियू के युवा नेता सनी निज्जर ने कहा कि केंद्र सरकार यदि अपना तानाशाह रवैया बरकरार रखती है तो फिर किसान पुनः अपने अपने ट्रैक्टर लेकर दिल्ली कूच करेंगे। इस मौके पर विक्की रंधावा, सन्नी निज्जर, हरप्रीत विर्क, हरजिंदर सिंह, शमिंदर, अरूण कुमार, नितिन कुमार आदि अनेकों किसान मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आज नैनीताल पहुंचेगी जगदीशिला डोली यात्रा

नैनीताल : भगवान विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का शनिवार को नैनीताल पहुंचेगी। शनिवार को डोली 11 बजे नैना देवी मंदिर में पहुंचेगी। विश्व कल्याण और उत्तराखंड में सौ धामों की स्थापना के लिए पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में यह देवी यात्रा प्रत्येक वर्ष पूरे राज्य में निकाली जाती है।

## तिब्बती समुदाय के लोगों ने नगर परिक्रमा की

नैनीताल : बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर तिब्बती समुदाय के लोगों ने नगर परिक्रमा की। शुक्रवार की सुबह तिब्बती समुदाय के लोग सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में एकत्र हुए। वहां पर पूजा–अर्चना करने के बाद लोगों ने नगर की परिक्रमा की।

परिक्रमा बौद्ध मठ से शुरू होकर तल्लीताल बाजार होते हुए राज भवन मार्ग पहुंची। राजभवन तिराहे पर लोगों ने पूजा–अर्चना की उसके बाद ऑल सेंट्स कॉलेज होते हुए यह लोग बारापत्थर पहुंचे। स्नो व्यू होते हुए अंत में सुख निवास पहुंचे। लोगों ने देश की खुशहाली की प्रार्थना की। तिब्बती समुदाय के लोग हर चार वर्ष में नगर की परिक्रमा करते हैं।

# शिविर में 258 मरीजों ने कराई जांच



अल्मोड़ा : राजकीय उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें साईं अस्पताल हल्द्वानी के अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 258 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में हृदय रोग, लीवर, न्यूरो, यूरो आदि मरीजों ने जांच कराई। तथा ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की निःशुल्क जांच और निःशुल्क औषधि वितरित की गई।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहन सती ने बताया कि साईं अस्पताल में अब आयुष्मान तथा गोल्डन कार्ड से निःशुल्क कूल्हा प्रत्यारोपण तथा हृदय रोग से मरीजों का छल्ला प्रत्यारोपण और अन्य उपचार भी किया जा रहा है। जबकि यूनिट हेड डॉ. बृजेश बिष्ट ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कैंप पर्वतीय क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। शिविर में डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. मोहन सती, डॉ. संजय नेगी, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. आनंद नारायण तिवारी तथा डॉ. अजय बजाज ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिए। (एजेंसी)

# जिला कार्यकारिणी सदस्य कमल का स्वागत किया



रुद्रपुर : भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्य कमल ठठोला का शुक्रवार को मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया गया। शांतिपुरी मुख्य बाजार में आयोजित समारोह के मुख्य वक्ता जिला मंत्री दिग्विजय सिंह खाती ने कहा कि शांतिपुरी नंबर एक निवासी भाजपा कार्यकर्ता कमल ठठोला के किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी में सदस्य बनने से किसानों की समस्याएं हल होंगी। इस दौरान मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा, जिला सैनिक लीग के अध्यक्ष देवीदत्त उपाध्याय, देवेंद्र सिंह कोरंगा, विजेंद्र जोशी, दिगंबर प्रसाद जोशी, हरीश पांडे, गिरीश नेगी, सुभाष जोशी, सुंदर ठठोला, विक्रम ठठोला आदि रहे। (एजेंसी)

## भगवान गौतम बुद्ध के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया

रुद्रपुर : बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। डॉ. बीआर आम्बेडकर शिक्षण समिति की ओर से आम्बेडकर चौक पर हुए कार्यक्रम में दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान खीर का प्रसाद बांटा गया। शुक्रवार को आम्बेडकर चौक पर हुए कार्यक्रम में मेयर रामपाल सिंह ने भगवान बुद्ध के पंचशील और सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने से ही विश्व का कल्याण हो सकता है।

# युवक ने आईपीएल के सट्टे के फेर में गंवाए दस लाख

रुद्रपुर : आईपीएल के सट्टे के फेर में एक युवक ने दस लाख रुपये गंवा दिए। इसके बाद उसने फिर सट्टा खेला, जिसमें वह चार लाख रुपये जीत गया। जीत की रकम मांगने पर तीन आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को वार्ड संख्या 6 निवासी फरीदुर रहमान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसको अपने मकान के निर्माण आदि के लिए रुपयों की आवश्यकता थी। उसने अपने और अपने भाई के दस्तावेजों से 5 लाख का ऋण लिया। इसके बाद और रुपयों की आवश्यकता होने पर उसने अपनी जान–पहचान के वार्ड नंबर–13 निवासी उपेंद्र सोनकर से ब्याज पर रुपये मांगे। उसने कहा कि ब्याज पर रुपये न लें। आईपीएल मैच में सट्टा लगाने से काफी पैसा मिलता है। तीन हजार रुपये लगाकर एक लाख रुपये तक जीत सकते हैं। आरोपी की बातों में आकर उसने अपने मकान आदि कार्य के लिए ऋण लिए रुपये सट्टे में गंवा दिए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि कुछ रुपयों का इंतजाम कर लो। उसके बार हारे हुए रुपये भी वापस आ जाएंगे। आरोपी की बातों में आकर वह दस लाख रुपये हार गया। उसके बाद वह चार लाख रुपये सट्टे में जीत भी गया। जब उसने चार लाख रुपये मांगे तो आरोपी ने उसको रुपये देने के लिए घर बुलाया। जहां पर सागर सोनकर और देवेंद्र सोनकर पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने उसके साथ गाली–गलौज कर मारपीट कर दी।

# देवभूमि के देवत्व की हर कीमत पर रक्षा करनी होगी : जोशी

## मांगल गीतों, लोकगीतों व बोली भाषा के संरक्षण पर दिया जोर

श्रीनगर गढ़वाल : देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति, संस्कारों, रीति रिवाजों व परंपराओं आदि के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने की भावना से संस्कार परिवार देवभूमि ट्रस्ट देहरादून का 29 अप्रैल को हरिद्वार से निकला रिवर्स पलायन संवाद आभियान श्रीनगर पहुंचा। यहां हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विवि के चौरास परिसर में लोककला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र दल का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लिए चिंतन–मंथन किया गया आभियान दल की सदस्य पद्मश्री डा. माधुरी बड़थ्वाल के मांगल गीतों और उत्तराखंडी लोकगीतों के साथ संवाद कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम में डा. बड़थ्वाल ने देवभूमि उत्तराखंड के गौरवशाली और वैभवशाली अतीत को समझाते हुए जन-जन के सहयोग से मांगल गीतों, लोकगीतों, बोली भाषा आदि के संरक्षण और संवर्द्धन पर जोर दिया। अभियान के सूत्रधार आचार्य बिपिन जोशी ने कहा देवभूमि के देवत्व की हर कीमत पर रक्षा करनी पड़ेगी। प्रो. डीआर पुरोहित ने कहा सहकारिता के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से खेती, बागवानी, जड़ी बूटी उत्पादन से ही आत्मनिर्भर उत्तराखंड की कल्पना को धरातल पर उतारा जा सकता है। योग विभाग के डा. विनोद नोटियाल और डा. रजनी नोटियाल ने उत्तराखंड के गावों का योग और आयुर्वेद ग्राम के रुप में विकास कर उत्तराखंड को वैलनेस का बड़ा हब बनाने पर जोर दिया। मौके पर डा. संजय पांडे, जितेंद्र मलिक, जयेंद्र गुसांई आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अधिवक्ता राजेश रस्तोगी करेंगे राहुल गांधी की पैरवी

हरिद्वार। हरिद्वार की सीजेएम कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दायर परिवाद में पैरवी की जिम्मेदारी अधिवक्ता राजेश रस्तोगी को दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने पत्र लिखकर अधिवक्ता राजेश रस्तोगी को पैरवी के लिए अधिकृत किया है।

शुक्रवार को अधिवक्ता राजेश रस्तोगी ने बताया की सीजेएम कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मुकदमे की पैरवी के लिए वकीलों का एक पैनल तैयार कर मजबूती से अदालत में पैरवी की जाएगी।

## बिना लाइसेंस के मीट बेचने पर आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने चेकिंग अभियान में मांस की सात दुकानों पर खामियां पाए जाने पर उनके चालान किए। एक दुकान पर बिना लाइसेंस के मीट बेचने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने कस्बे में मीट की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने मोहल्ला किला, मलकपुरा और अन्य स्थानों पर चेकिंग की। पुलिस को सात दुकानों में खामियां मिली। इन सभी दुकानदारों के 10–10 हजार रुपये के चालान कर दिए। एक दुकानदार बिना लाइसेंस के अपनी दुकान में भैंसवंशीय मांस बेच रहा था। आरोपी की दुकान पर पुलिस पहुंची तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। दुकान से करीब 60 किलो भैंसवंशीय मांस बरामद करने के साथ ही कटान के उपकरण बरामद किए।

# कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को पदमुक्त करने की मांग



रुड़की। महानगर कांग्रेस कमेटी ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ तहसील परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन कर जेएम को माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। उन्होंने मारपीट के आरोपी मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। उन्होंने मंत्री अग्वाल के खिलाफ प्रदर्शन कर जेएम अभिनव शाह को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि पिछले दिनों कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र ने बीच सड़क पर ऋषिकेश में एक व्यक्ति को खुद और अपने अंग रक्षकों के साथ दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। इसकी प्राथमिकी कोतवाली ऋषिकेश में दर्ज की गई है। महानगर आध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल जनता की सेवा करने की संविधान की शपथ लेकर मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी ओर से इस प्रकार से मारपीट करना न केवल निंदनीय है, बल्कि उन्होंने पद के विपरीत कार्य किया है। इसीलिए उन्हें पद मुक्त किया जाए।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के नहीं दिए चार करोड़

हरिद्वार। वैलनेस सेंटर का निर्माण कर चुकी देहरादून की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी का चार करोड़ की रकम का भुगतान न करने का मामला सामने आया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्वामी ने इस संबंध में वैलनेस सेंटर का निर्माण कराने वाले चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज, हत्या की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कनखल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

कनखल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। देहरादून के कृष्णा विहार राजपुर रोड में मैसर्स इंदर लाल फर्म का कार्यालय है। फर्म के स्वामी विवेक गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी फर्म से लोहिया हैल्थ प्राईवेट लिमिटेड 492, अमिलिया जीटी रोड (एन. एच. – 91) कानपुर यूपी के श्रद्धा लोहिया, कृपाशंकर पाण्डेय व सौम्या लोहिया अग्रवाल ने संपर्क किया। उनके बीच एकांता वैलनेस निरंजनी अखाड़ा मार्ग हरि विश्राम में निर्माण करना तय हुआ। जिसके बाद निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया लेकिन रनिंग बिल देने के बावजूद भी उसे भुगतान नहीं किया गया। उन्हें आश्वासन देते रहे कि उनका भुगतान जल्द कर दिया जाएगा, वह निर्माण कार्य जारी रखे। एचआरडीए के निर्माण कार्य रोक देने के कुछ समय बाद फिर से निर्माण कार्य शुरु हुआ।

आरोप लगाया कि वैलनेस सेंटर का उदघाटन होने का हवाला देते हुए उनका सामान छत की होटल पर रखवा दिया गया। आरोप है कि छह करोड़ के आस पास का कार्य कंपनी कर चुकी है लेकिन उसकी एवज में उसे दो करोड़ की रकम दी गई थी। आरोप है कि पिछले साल वैलनेस सेंटर का उदघाटन होने के बाद श्रद्धा लोहिया, कृपाशंकर पांडेय, सौम्या लोहिया अग्रवाल व प्रदीप बनर्जी पूरी तरह से बदल गए। उन्होंने उसकी लेबर से धक्का मुक्की करते हुए बिल्डिंग से बाहर निकाल दिया। यही नहीं सारा सामान भी कब्जे में ले लिया। चार करोड़ की रकम वापस मांगने पर गाली गलौज करते हुए गोली मार देने की धमकी दी गई। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

## सेवानिवृत्ति पर प्रो.मनुदेव की शैक्षणिक सेवाओं को याद किया

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि में वेद विभाग के अध्यक्ष तथा प्राच्य विद्या संकाय के डीन प्रो. मनुदेव बंधु की सेवानिवृत्ति पर विवि के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि प्रो.बंधु की 42 वर्ष की अवधि की शैक्षणिक सेवाएं सदा स्मरणीय रहेंगी। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने प्रो. बंधु को विदाई समारोह में बधाई देते हुए उनकी वेद के प्रति रुचि की सराहना की। प्रो. विनय विद्यालंकार, वेद विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार ने विचार रखे।

# चित्रा गार्डन पर्यावरण संरक्षण में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका : पद्मश्री मैती

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल की पहल पर ग्रीन कैंपस बनाने की मुहिम साकार होती जा रही है। यहां गढ़वाल विवि की बंजर पड़ी 10 हेक्टयर भूमि पर मिश्रित वन तैयार किया गया है।

विगत तीन वर्षों में कुलपति के निर्देशों पर हैप्रक के वैज्ञानिकों एवं विवि के इंजीनियर महेश डोभाल सहित अन्य के प्रयासों ने बंजर भूमि को मिश्रित वन में तब्दील कर दिया है। यहां लगे सेब के पेड़ दो ही साल में फल देने लगे हैं।

चित्रा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम फेज में एक हेक्टेयर भूमि पर लगभग 20 प्रजातियों के 3 हजार जीवित पौधों का रोपण किया गया था। जिसमें जामुन, आंवला, रीठा, पीपल, बांज, सेब, हरड़, पिलखन, शहतूत, तेजपत्ता, लसोड़ा, डैकन, आम, अनार, लोहकाट, प्लम, खुमानी, अमरूद, लीची, नींबू, टिमरू आदि प्रजातियां शामिल हैं। श्रीनगर पहुंचे पद्मश्री कल्याण सिंह रावत (मैती) ने जब श्रीनगर बुघाणी रोड पर तैयार किए गए चित्रा गार्डन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विवि के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. नौटियाल के मार्गदर्शन में विवि द्वारा तैयार किया गया यह गार्डन पढ़ाई एवं शोध के साथ-साथ, पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस जंगल के विकसित होने से श्रीनगर के आस पास प्रदूषण की समस्या तो कम होगी ही साथ ही लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी। (एजेंसी)

# बारिश और ओलावृष्टि से हुए किसानों के नुकसान का मुआवजा दे सरकार: भाकियू (डब्लूएफ)

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन (डब्लूएफ) के पदाधिकरियों ने बारिश और ओलावृष्टि से हुए किसानों के नुकसान के मुआवजे की मांग सरकार से की है। साथ ही उत्तराखंड की 26 मंडियों में मंडी अध्यक्षों की नियुक्ति और ऋषिकेश घटनाक्रम में कैबिनेट मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग भाकियू के पदाधिकारियों ने की।

वही भाकियू ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर नए लोगों को पार्टी में शामिल किया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने कहा कि हाल के दिनों में बेमौसम बारिश के कारण किसानों का गेंहू और बागबानी प्रभावित हुई है।

सरकार नुकसान का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दें। ऋषिकेश में स्थानीय युवक के साथ कैबिनेट मंत्री की मारपीट की निंदा करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री को बर्खास्त किया जाए। मांगें न माने जाने पर उन्होंने सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली में धरने पर बैठे पहलवानों का समर्थन किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय चोपड़ा को पार्टी ने राष्ट्रीय सचिव और पूर्व किसान नेता संजय शर्मा को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान अरूण शर्मा, अनिल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, जसवीर राणा, अक्षय चौधरी, रमेश चौहान, कमलेश, मधुकांत, पूरण सिंह, संजीव सैनी, कन्हैया, दीक्षित, विजय शर्मा, दिनेश, सुनील, पवन, राजबीर, मनोज मंडल, जयभगवान आदि उपस्थित रहे।

## अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष का स्वागत किया

हरिद्वार। जय मां मिशन की परमाध्यक्ष साध्वी शरण ज्योति मां के नेतृत्व में मिशन की साध्वियों जीवन ज्योति मां व पूजा ज्योति मां ने कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि संत महापुरुषों को जीवन सदैव राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित होता है। जय मां मिशन की अध्यक्ष साध्वी शरण ज्योति ने कहा कि ब्रह्मलीन उषा माता एवं ब्रह्मलीन स्वामी महादेव महाराज द्वारा स्थापित सेवा परंपरा का पालन करते हुए जय मां मिशन दीन दुखियों व जरूरतमंदों की सेवा में निरंतर योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्ची साधुता है। साध्वी जीवन ज्योति मां ने कहा कि गुरु ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलने से ही शिष्य का कल्याण होता है।

# भाकिमों ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



रुड़की। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए कार्य करेगा। किसानों की समस्याएं भी सरकार तक पहुंचाने का काम भी करेंगे। टोडा खटका में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, उपाध्यक्ष परवेज अहमद, कार्यकारिणी सदस्य विकास सैनी का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि किसान मोर्चा मुख्य रूप से सरकार और किसानों के बीच सेतु की तरह कार्य करता है। सरकार योजनाएं किसानों तक पहुंचे और उन्हें उनका लाभ मिले यही उद्देश्य मोर्चा के पदाधिकारियों का रहता है। किसानों की समस्याओं को भी सरकार तक पहुंचाने में मोर्चा के पदाधिकारी भूमिका निभाते हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर विश्व भर के 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ सम्पन्न



हरिद्वार। विश्व कल्याण एवं वसुधैव कुटुंबकम के भाव से गायत्री परिवार का आध्यात्मिक प्रयोग के अंतर्गत गृहे–गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन बुद्ध पूर्णिमा को सम्पन्न हुआ।

वैश्विक स्तर पर चौबीस लाख से अधिक घरों में औषधीय जड़ी–बूटी के साथ गायत्री यज्ञ में आहुतियां डाली गई। यह कार्यक्रम प्रातः नौ बजे से एक साथ–एक समय में शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के गायत्री तीर्थ में दीप प्रज्वलन से हुआ।

डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि इन दिनों वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संकट सहित अनेक समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि विश्व शांति एवं विश्व कल्याण के लिए देश–विदेश के गायत्री साधकों ने अपने–अपने घरों में एक साथ–एक समय में गायत्री यज्ञ सम्पन्न किया। यज्ञ के माध्यम से हम अपनी आहुति ब्रह्माण्ड को देते हैं। यह आयोजन आध्यात्मिक प्रयोग के अंतर्गत सम्पन्न हुआ।

सामूहिक रूप से किये गए आध्यात्मिक अनुष्ठान प्राणी मात्र के लिए संजीवनी की तरह होती है। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की मूल आधार यज्ञ पिता (सत्कर्म) और गायत्री माता (सद्ज्ञान) है।

## घर के बाहर खड़ी दो बाइक चोरी

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के आकाशदीप एंक्लेव निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर में मरम्मत का कार्य चल रहा था।

28 अप्रैल की देर रात को उसने अपनी बाइक घर के बाहर ही खड़ी कर दी। इसी दौरान देर रात को चोरों ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, आकाशदीप एनक्लेव फेस वन निवासी अनमोल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अप्रैल को बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे चोरों ने देर रात चोरी कर लिया।

इंस्पेक्टर मनोज मैनवाल ने बताया कि दोनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

# हाथियों ने गन्ने और गेहूं की फसलें बरबाद की



हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव बिशनपुर कुंडी व रानीमाजरा में प्रतिदिन आ रहे हाथियों से किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है। गुरुवार रात आये हाथियों के झुंड ने किसानों की लगभग पांच बीघा गन्ना और खेतों में कटाई के बाद पड़ी गेंहू की फसल बरबाद कर दी। वनकर्मियों और किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को गंगा पार जंगलों में भगाया। गुरुवार रात हाथियों का एक झुंड गांव बिशनपुर कुंडी व रानीमाजरा के नजदीक खेतों में आ धमका। हाथियों ने गन्ने और गेहूं की फसल को बरबाद करना शुरू कर दिया। फसलों की रखवाली कर रहे किसान नूतन कुमार, पवन चौहान, पंकज सैनी, सुशील, अकरम ने बताया कि बीती रात हाथियों के एक झुंड ने गन्ने और गेहूं की फसल में जमकर उत्पाद मचाते हुए लगभग पांच बीघा फसल को बरबाद किया है। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने किसानों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को खेतों से बाहर निकाला और गंगा पार जंगल में भगाया। बताया कि वन प्रभाग के लाख दावे व प्रयास के बाद भी हाथियों के झुंड खेतों में आ रहे है। किसानों का कहना है कि वन प्रभाग को हाथियों की रोकथाम के ठोस उपाय करने चाहिए। किसानों ने बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग भी की है। वन क्षेत्राधिकारी दिनेश नोडियाल ने बताया हाथियों को गंगा पार करने से रोका जाता है। गंगा किनारे भोगपुर तक दीवार का प्रस्ताव भेजा हुआ है। जल्द किसानों को हाथियों के आतंक से राहत मिलेगी।

# युवक से ऑनलाइन ठगे चार लाख रुपये

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के नवोदय नगर निवासी एक युवक को व्हाट्सएप पर आया लिंक खोलना भारी पड़ गया। युवक को करीब साढ़े चार लाख रुपये की चपत लग गई। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि 19 अप्रैल को उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। लिंक को खोलने पर घर बैठे पार्ट टाइम काम दर्शाया गया। जब उस लिंक को खोला गया तो इंस्टाग्राम पर ग्रुप ज्वाइन हुआ। उसमें करीब तीन हजार रुपये जमा करने की बात कही है। तीन हजार रुपये जमा करने के कुछ समय बाद वह रुपये कमीशन के साथ वापस लौटा दिए गए। इसी तरह धीरे–धीरे कर चार लाख रुपये से अधिक ट्रांसफर कर दिए। लेकिन वह रुपये वापस नहीं आए। कई बार फोन करने पर भी फोन नहीं उठा रहे। पुलिस का कहना है कि लगातार उनके पास रुपये जमा करने के मैसेज आ रहे हैं। लेकिन रुपये वापस नहीं दिए जा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार ने बताया कि अरविंद कुमार, निवासी शिवरतन सिटी नवोदय नगर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के शहर अध्यक्ष, महामंत्री समेत अनेक पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिद्वार। आखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्रपुरी ने कहा है कि सरकार को व्यापारी की समस्या के समाधान को व्यापारी आयोग का गठन करना चाहिए। व्यापारी भी लंबे अरसे से इस मांग को उठाते आ रहे है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को आर्य नगर स्थित एक होटल में नवगठित राष्ट्रीय व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कही। हाल ही में व्यापार मंडल के दो फाड़ होने के बाद एक गुट ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल का गठन किया है।

# श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो एन के. जोशी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन के. जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय, प्रधानमंत्री जी की ळ–20 मुहीम को आगे बढ़ाने के लिए सभी सम्बद्ध कॉलेजों में ल–20 युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित करे। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को वैश्विक चुनौतियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। युवा मंथन मॉडल के माध्यम से टीम बिल्डिंग, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति, बहुपक्षीय वार्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों पर वार्ता का अवसर मिलेगा जो उनके लिए लाभकारी होगा। उन्होने कहा सभी कॉलजों में यह कार्यक्रम सुनिश्चित किए जांए।

राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय में ईआरपी सिस्टम विकसित करें जिससे विद्यार्थियों को डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए उन्हें विश्वविद्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा कि फैकल्टी को नवीनतम तकनीकी की जानकारी हेतु उनके लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जाए। इसके लिए ऋषिकेश कैंपस में फैकेल्टी डवलपमेंट सेन्टर बनाया जाय जिससे विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की फैकल्टी को उसमें प्रशिक्षण दिया जाय । राज्यपाल ने कुलपति को यह भी निर्देश दिए कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एक ऐसे कॉलेज का चयन करें जिसमें बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, बैंकिंग, रक्षा सेवाओं के लिए तैयारी करायी जा सके। इसके लिए कॉलेज अवस्थापना एवं बालिकाओं की सुरक्षा आदि के द्दष्टिगत उपयुक्त हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।

## पंजाब में कोरोना संक्रमण के 100 नये मामले, एक मौत

**चंडीगढ़ (एजेसी)।** पंजाब में गत 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 100 नये मामले आये हैं, इसके साथ ही राज्य में संक्रमित रोगियों की कुल संख्या अब 826 हो गई है।

राज्य सरकार की ओर जारी एक बुलेटिन के अनुसार इस दौरान 160 मरीज स्वस्थ हुये। फरीदकोट में एक कोरोना संक्रमित ने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार कुल संक्रमितों में से 28 ऑक्सीजन् और 11 वेंलिलेटर पर हैं। इनमें से एक ही हालत गम्भीर है। राज्य में अब तक कोरोना मामलों की कुल संख्या 792874 हो चुकी है जिनमें से 771500 इस घातक संक्रमण को मात दे चुके हैं। राज्य में अब कोरोना संक्रमण के कारण अब कुल 20548 मौतें हो चुकी हैं।

## मुरैना में जमीन के लिए महाभारत, पुरानी रंजिश में 5 लोगों को गोलियों से भूना

**मुरैना (एजेसी)।** मुरैना में आज सुबह गोली मारकर 5 लोगों की हत्या कर दी गई। घटना जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र के लेपा भिडोसा गांव की है।

जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने एक ही परिवार के 5 लोगों को गोलियों से भून दिया। इसमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। वही घायलों में 2 पुरुष और 1 महिला हैं। बताया जा रहा है कि इस गोलीकांड के पीछे करीब 10 साल पुरानी लड़ाई है। दस साल पहले मृतकों के परिवार के लोगों ने आरोपियों के परिजन की हत्या की थी। दिमनी विधायक रविंद्र सिंह भी लेपा भिडोसा गांव के रहने वाले हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जमीन विवाद के चलते लेपा गांव में 2014 में भी मर्डर हो चुका है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था।

## 6 मई से होगा 2 दिवसीय हज ट्रेंनिग कैम्प मदरसा तालीमुल इस्लाम में आयोजित


**बीकानेर (एजेसी)।** पिछले कई सालों से जमीअत उलमा ए हिन्द की जानिब से बीकानेर में लगातार हज ट्रेंनिग कैम्प रखा जाता रहा है। इस बार भी सिटी कोतवाली के पीछे खडग़ावतों के मोहल्ले में स्थित मदरसा तालीमुल इस्लाम मे 2 दिवसीय कैम्प दिनांक 06 मई शनिवार से आयोजित किया जाएगा। जमीअत उलमा ए हिन्द की बीकानेर शाखा के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद क़ासमी ने बताया कि कैम्प का समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस शिविर में हज और उमरा का तरीक़ा हज के अरकान और फ़राइज़ के बारे में बताया जायेगा। वहीं हज में आने वाली बाधाओं का भी समाधान बताया जायेगा।

## देश की महिला पहलवानों का अपमान बर्दाश्त नहीं: अशोक मलिक

**सहारनपुर, एजेंसी।** दिल्ली के जंतर–मंतर पर बैठी महिला पहलवानों के समर्थन में आज आर्य जाट समाज कल्याण समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन भी प्रेषित कर महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग की गयी।धरने को संबोधित करते हुए जाट समाज के जिला अध्यक्ष चैधरी बख्तावर सिंह जी ने कहा कि देश में एक घोषित आपातकाल लगा हुआ है बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री बेटियों के अपमान पर चुप क्यों है यह बड़ा सवाल है यह एक शर्मनाक है जिले के समाज समाज के लोग महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जा रहा है ।

# शरद पवार ने वापस लिया इस्तीफा, एनसीपी अध्यक्ष बने रहेंगे

### अजित की गैरहाजिरी पर उठे सवाल



**मुंबई, एजेंसी।** शरद पवार ने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। एनसीपी सुप्रीमो ने कहा कि 'मैं अपना फैसला वापस ले रहा हूं।' प्रेस कांफ्रेस करते हुए शरद पवार ने कहा कि मैं आपकी भावनाओं का अपमान नहीं कर सकता। मैं इस्तीफा वापस लेने की आपकी मांग का सम्मान कर रहा हूं। मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफे का अपना फैसला वापस लेता हूं। बता दें कि इस दौरान अजित पवार मौजूद नहीं थे। इस पर जब राकांपा प्रमुख शरद पवार से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यहां अन्य सभी हैं। कमेटी ने यह फैसला लिया और उनके फैसले के बाद मैंने अपना फैसला वापस ले लिया। हम सभी एकजुट हैं। समिति में वरिष्ठ नेता हैं और इस पर चर्चा कर रहे हैं।

इससे पहले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के इस्तीफे की घोषणा के बाद मुंबई में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें सुप्रिया सुले, अजित पवार समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस दौरान शरद पवार के इस्तीफे की पेशकश को नामंजूर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि एनसीपी की कोर कमेटी ने शरद पवार से पार्टी का नेतृत्व जारी रखने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद समिति के सदस्यों ने शरद पवार से मुंबई में उनके आवास पर मुलाकात की।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में हुए फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरद पवार ने 2 मई को अचानक अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी। उनके फैसले से सभी हैरान थे। उन्होंने आगे की कार्रवाई के लिए और नए अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए पार्टी नेताओं की एक समिति नियुक्त की। आज हमने समिति की बैठक की। इसमें हमने पवार साहेब से यह अनुरोध किया है कि वह अपना कार्यकाल पूरा करें।

उन्होंने कहा कि मैं और कई नेताओं ने पवार साहब से मुलाकात की और हमने उनसे लगातार अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया, क्योंकि इस समय देश और पार्टी को उनकी जरूरत है। न केवल ठउढ नेताओं, बल्कि अन्य पार्टी के नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी उनसे पार्टी प्रमुख बने रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पवार साहब ने हमें बिना बताए फैसला ले लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेता की सभी मांगों पर विचार करते हुए हमने आज बैठक की और समिति ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है. समिति सर्वसम्मति से इस इस्तीफे को खारिज करती है और हम उनसे पार्टी अध्यक्ष के पद पर बने रहने का अनुरोध करते हैं।

## अटल उत्कृष्ट कॉलेजों को सुगम दर्शाने पर रोष

रुड़की। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की लक्सर इकाई ने शुक्रवार को मुंडाखेड़ा कलां गांव में बैठक की। इसमें विभागीय पोर्टल पर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेजों को सुगम में दर्शाने पर रोष जताया गया। बाद में उन्होंने इस समस्या को लेकर खंड शिक्षाधिकारी लक्सर को ज्ञापन सौंपा। संघ के लक्सर ब्लॉक अध्यक्ष संत कुमार ने मुंडाखेड़ा कलां स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक की शुरुआत की। शिक्षकों ने बताया कि पूर्व में शिक्षा विभाग ने अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेजों को सुगम क्षेत्र में शामिल किया था। शिक्षक संगठन ने शासन से मिलकर इस पर आपत्ति जताई थी।

उनकी मांग थी कि सुगम, दुर्गम के मानकों के आधार पर ये कॉलेज दुर्गम श्रेणी में शामिल किए जाएं। बाद में शासन ने शिक्षक संगठन की मांग को जायज बताते हुए इन कॉलेजों को दुर्गम श्रेणी में रखने का शासनादेश जारी कर दिया था।

# क्या बृजभूषण के पास प्लान बी तैयार है?

**लखनऊ(एजेसी)।** दिल्ली में पहलवानों का कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन जारी है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। तमाम निगाहें ब्रिजभूषण पर टिकी हुई हैं कि वह अपने बचाव में आखिर क्या करेंगे? सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला करती है तो वह समाजवादी पार्टी के साथ जा सकते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी तक इस पूरे मामाले में पहलवानों के पक्ष में कोई बयान नहीं दिया है और न ही खुलकर कुश्ती संघ अध्यक्ष की आलोचना की है। बीते दिनों बृजभूषण सिंह भी इस कारण अखिलेश की सराहना कर चुके हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह सपा में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, अखिलेश जी सच जानते हैं। मुझे राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। मेरे खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का सामाजिक दायरा किसी से छिपा नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ताओं को भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे टीवी चैनलों पर बृजभूषण के समर्थन या खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करें।

सूत्रों बताते हैं कि बीजेपी भी इस मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से बच रही है, क्योंकि पार्टी नहीं चाहती कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में उसका प्रभुत्व कम हो, खास–ाकर उन जगहों पर जहां सिंह आबादी का दबदबा ज्यादा है।

पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता के अनुसार, लोकसभा चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। बृजभूषण सिंह का करीब 6 से 7 सीटों पर बड़ा प्रभाव है, इसलिए पार्टी ने इस पूरे मामले पर नजर बना रखी है।

## सुहागन बनने के कुछ ही घंटे में विधवा बन गई दुल्हन, दुल्हे की हार्ट अटैक से मौत

**भागलपुर (एजेसी)।** बिहार के भागलपुर के विवाह समारोह की खुशी कुछ ही पलों में मातम में बदल गई जब कुछ ही समय पूर्व सुहागन बनी दुल्हन दुल्हे के निधन के बाद विधवा बन गई। पूरा मामला भागलपुर के एक विवाह भवन का है, जहां बुधवार की रात खंजरपुर के झौवा कोठी के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर दिलीप प्रकाश की शादी झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम की आयुषी से हुई।देर से शुरू हुई शादी के रस्म रिवाज निभाने में हुई देरी के कारण विवाह कार्यक्रम गुरुवार सुबह पांच बजे तक चलता रहा। बताया जाता है कि सुबह आठ बजे दूल्हा जब दुल्हन को विदा कराने को लेकर तैयारी में था, तभी उसके सीने में अचानक तेज दर्द हुआ और वह कुर्सी से नीचे गिर गया।

परिवार वाले उसे मायागंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों परिवार में कोहराम मच गया। दुल्हन के जोड़े में अस्पताल पहुंची आयुषी ने पति को मृत देख बहदवास होकर गिर पड़ी। आयुषी दहाड़ मारकर रोते रोते कह रही थी कि जब साथ निभाना ही नहीं था तो मेरी जिंदगी में आए क्यों?लड़की पक्ष के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिलीप दिल्ली में एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दिलीप की हार्ट अटैक से मौत हो गई है।आयुषी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करती है। इधर, लड़के के परिजनों का कहना है कि सबकुछ ठीक ढंग से निभाया गया। दुल्हे की तबियत भी ठीक थी।

## मन की बात कार्यक्रम सुनने नहीं पहुंचे बच्चे तो स्कूल ने मांगा 100 रूपए फाइन

**देहरादून (एजेसी)।** रविवार को मन की बात कार्यक्रम के लिए स्कूल नहीं पहुंचने वाले बच्चों को 100 रुपये फाइन लाने या फिर मेडिकल प्रमाणपत्र जमा कराने का आदेश जारी किया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस संबंध में स्कूल के व्हाट्सऐप ग्रुप में आदेश जारी किए गए हैं। देहरादून के जीआरडी निरंजनपुर एकेडमी पर पीएम मोदी के 'मन की बातइ कार्यक्रम सुनने स्कूल नहीं पहुंचे छात्रों से 100 रुपये फाइन वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।शिक्षा विभाग ने स्कूल को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। आरिफ खान ने बताया कि जीआरडी अकेडमी ने उन बच्चों को 100 रुपये फाइन लाने या फिर मेडिकल प्रमाणपत्र जमा कराने का आदेश जारी किया है ।

# राजोरी में आतंकियों से मुठभेड़ में पांच जवान शहीद, इंटरनेट सेवा बंद, ऑपरेशन जारी



**राजोरी, एजेंसी।** जम्मू संभाग के जिला राजोरी के कंडी इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है और दोनों ओर से गोलीबारी की जा रही है। इस घटना के बारे में सेना ने बयान जारी कर बताया कि एनकाउंटर के दौरान दो जवान शहीद हो गए हैं। जबकि, एक अधिकारी समेत चार घायल हैं। आतंकियों के भी ढेर होने की संभावना है। वहीं, घायल जवानों को कमांड अस्पताल उधमपुर ले जाया गया है। इनमें से तीन जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट सेवाओं को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जैसे ही संयुक्त टीमें संदिग्ध स्थान पर पहुंचीं, छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ शुरू हो गई।

आतंकियों ने एक विस्फोटक उपकरण दागा जिसकी चपेट में आकर दो जवान शहीद हो गए और एक अधिकारी सहित चार घायल हो गए। आसपास से अतिरिक्त टीमों को मुठभेड़ स्थल रवाना किया गया है। शुरुआती खबरों के मुताबिक इलाके में आतंकियों का एक समूह घिरा हुआ है। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

हाल ही पुंछ के भटादूड़ियां इलाके में सैन्य वाहन पर आतंकी हमले और इसी साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में आतंकी हमले के बाद से ही दोनों जिलों में सुरक्षाबलों की तरफ से व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, राजोरी जिले की थन्नामंडी और दरहाल तहसील के घने जंगलों में चार से छह आतंकवादियों के सक्रिय रूप से घूमने की सूचना थी। जिले की थन्नामंडी तहसील के पंगाई, अप्पर पंगाई, डीकेजी, अप्पर शाहदरा, टॉप शाहदरा और दरहाल के खोडीनार, बुध खनारी, परगाल जंगली इलाकों में चार से छह आतंकवादियों के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इनकी धरपकड़ करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाए गए हैं।

बारामुला जिले के क्रीरी क्षेत्र के वानीगाम पायीन गांव में गुरुवार कोआतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा से संबंधित दो स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराया गया।

दोनों आतंकवादी मार्च के महीने में आतंकवाद में शामिल हुए थे। इससे पहले बुधवार को कुपवाड़ा जिले की एलओसी से सटे मच्छिल सेक्टर में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। इस दौरान दो घुसपैठियों को मार गिराया गया।\

### बिलावल आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता बनकर आए

# कश्मीर भारत का था, है और रहेगा: जयशंकर



**पणजी , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एससीओ बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की मौजूदगी में पाकिस्तान पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता लगातार घट रही है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं। सीमा पर हालात सुधरने तक ये रिश्ते सामान्य हो भी नहीं सकते। बैठक के बाद जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वे यहां आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता बनकर आए।

जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और पोषण करने वाले साथ नहीं बैठ सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जम्मू–कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू–कश्मीर में भी जी–20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जी–20 और श्रीनगर मुद्दा है ही नहीं पाकिस्तान के साथ सिर्फ और सिर्फ पीओके ही मुद्दा है।

भारत ने पाकिस्तान–चीन के बीच तथाकथित कॉरिडोर के बारे में रउड की बैठक में एक नहीं दो बार ये स्पष्ट किया कि कनेक्टिविटी विकास के लिए जरूरी है लेकिन कनेक्टिविटी किसी की संप्रभुता और क्षेत्रिय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "रउड सदस्य देश के विदेश मंत्री के तौर पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ बाकी सदस्य देशों के विदेश मंत्री की तरह ही व्यवहार किया गया। लेकिन आतंकवाद के प्रोमोटर, प्रोटेक्टर और आतंक के इंडस्ट्री के प्रवक्ता के तौर पर उनका काउंटर किया गया।"

गोवा के पणजी में शुक्रवार को विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद की बैठक हुई। बैठक से पहले भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एससीओ के सदस्य देशों को विदेश मंत्रियों का स्वागत किया। इस बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी भारत पहुंचे हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले भारतीय विदेश मंत्री ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का स्वागत किया।

एससीओ की बैठक के दौरान अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से पाकिस्तान को निशाने पर लिया। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का कहर जारी है। हमारा ये मानना है कि किसी भी तरह से आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता और इसे रोका जाना चाहिए। इसमें सीमा पार से आतंकवाद और अन्य सभी तरह का आतंकवाद शामिल है। एससीओ की बैठक का मूल उद्देश्य आतंकवाद से मुकाबला है।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल के आवास पर शेखावत से मिले जालंधर के प्रमुख उद्योगपति

**जालंधर (एजेसी)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल शाम यहां जालंधर के प्रमुख उद्योगपतियों के एक समूह से मुलाकात की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल के आवास पर शेखावत और उद्योगपतियों के बीच अनौपचारिक बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बातचीत के दौरान उद्योगपतियों ने पंजाब में मौजूदा औद्योगिक परिदृश्य के बारे में मंत्री को फीडबैक दिया।उद्योगपतियों ने शेखावत को आप शासन में उनके सामने आ रही विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। उद्योगपतियों ने मंत्री को बताया कि पंजाब में मौजूदा सरकार द्वारा उद्योगों से संबंधित वास्तविक मुद्दों को हल करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## कांग्रेस का शाह पर निशाना, संस्कृत के लिए 640 करोड़, कन्नड़ के लिए 3 करोड़?

**नई दिल्ली (एजेसी)।** देश में सभी भाषाओं का समान रूप से प्रचार करने के मामले में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी का सवाल है कि सरकार आखिर क्यों कन्नड़ भाषा के प्रचार पर केवल 3 करोड़ रुपये ही खर्च कर रही है, जबकि संस्कृत के लिए 640 करोड़ रुपयों का बजट रखा गया है। कन्नड़ को भारत की छठी शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर कहा कि गृह मंत्री ने अपने साक्षात्कारों में कहा था कि उनकी सरकार देश में सभी भाषाओं के प्रचार–प्रसार के लिए काम करेगी। क्या इसीलिए मोदी सरकार ने संस्कृत के लिए 640 करोड़ रुपये का बजट रखा है और कन्नड़ भाषा के लिए केवल 3 करोड़ रुपयों का, जबकि कन्नड़ को भारत की छठी शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने पूछा क्या इसलिए उस शख्स को टेक्स्ट बुक रीविजन कमेटी का चेयरमेन बनाया गया है, जिसने कर्नाटक की स्टेट एंथम केवंम्पु की बुराई की थी। क्या इसलिए फॉरेस्ट कन्जर्वेशन बिल, 2022 में अंग्रेजी शब्दों को हटाकर नामों को हिंदी भाषा में लिख दिया गया? उन्होंने कहा, मेरे पास एक लंबी लिस्ट है माननीय गृह मंत्री जी, आप उस व्यक्ति के लिए काम करते हैं, जिसका मंत्र है असत्यमेव जयते। उनका यह ट्विट अमित शाह के उस बयान पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार केवल हिंदी भाषा का ही प्रचार नहीं कर रही है, बल्कि उनका ध्यान देश की तमाम प्रमुख भाषाओं पर है।

कांग्रेस पार्टी की तरफ से यह सवाल उस समय उठाया गया जब दोनों पार्टी कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए कमर कस रही हैं। कर्नाटक में 224 सीटों पर चुनाव 10 मई को होने हैं, जबकि 13 मई को वोटों की काउंटिंग होनी है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को किया तलब

**नई दिल्ली (एजेसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और हंटर सिंड्रोम जैसी दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के इलाज से संबंधित कई याचिकाओं पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की पीठ ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय इलाज के लिए और धन आवंटित करने के अदालती आदेशों का पालन करने से लगातार इनकार करता रहा है।

हाईकोर्ट उन याचिकाओं पर विचार कर रहा है, जिनमें मरीजों का बेहद महंगा इलाज बिना शुल्क के मुहैया कराने की मांग की गई है।

अदालत ने कहा कि 23 मार्च 2021 और 30 जनवरी 2023 के आदेशों में यह देखा गया है कि दुर्लभ बीमारियों के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि आवंटित की गई थी। हालांकि, बजट लैप्स हो गया और राशि जारी नहीं की गई।

## राजस्थान में सड़क कार्यों के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 3525 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को दी स्वीकृति

**जयपुर (एजेसी)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 5 हजार से अधिक सड़क विकास कार्यों के लिए 3525 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है।

इन कार्यों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए की लागत से नॉन पेचेबल/मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण कार्य हेतु कुल 1870 करोड़ रुपए की स्वीकृति शामिल है।

# द केरल स्टोरी के खिलाफ याचिका फिर से खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा– फिल्म निर्माता निवेश करते हैं, अभिनेता बहुत काम करते हैं

**नई दिल्ली (एजेसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरला स्टोरीइ की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता के नए प्रयास को खारिज करते हुए कहा कि एक फिल्मकार फिल्म बनाने में बहुत पैसा और समय लगाता है और अभिनेता भी बहुत काम करते हैं, और बाजार तय करेगा कि क्या यह स्तर तक है या नहीं है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पदीर्वाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहाः एक तो सीबीएफसी ने फिल्म को रिलीज कर दिया है, दूसरा, केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, और तीसरा, कल हमने कहा था कि हम अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार नहीं करेंगे। अब, इन चरणों के पूरा हो जाने के बाद और अब हमारे लिए इस तरह की अर्जी सुनना उचित नहीं है। पत्रकार कुर्बान अली द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्म के खिलाफ अदालत जाने से पहले फिल्म निर्माता और अभिनेताओं के बारे में विचार किया जाना चाहिए और इसे कितनी बार चुनौती दी जाएगी? पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी और शोएब आलम से फिल्म निर्माता को देखने के लिए कहा, वह अपनी फिल्म की रिलीज के लिए अदालतों का सामना नहीं कर सकता है और केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म पर रोक लगाने से पहले ही मना कर दिया है।

अहमदी ने प्रस्तुत किया कि केरल उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा गया था, जिन्होंने कहा कि पीठ का गठन किया गया है। अहमदी ने तर्क दिया– रजिस्ट्री ने बाद में याचिकाकर्ता को सूचित किया कि पीठ गुरुवार को सुनवाई नहीं करेगी और केरल उच्च न्यायालय गर्मी की छुट्टी पर है।

सम्पादकीय

# हिंदी पट्टी की राजनीति

आजाद भारत के इतिहास में दो बार– 1977 और 1989 में विपक्ष ने एकजुट होकर सत्तारूढ़ दल को हराया है। दोनों बार के बदलाव में बिहार की बड़ी भूमिका रही थी। इसी रेपुटेशन की वजह से इस बार भी जब भाजपा के खिलाफ विपक्ष का गठबंधन बनाने की बात हो रही है तो बिहार की भूमिका देख रही है। बिहार की भूमिका इस वजह से भी बढ़ी है क्योंकि जिस समय भाजपा अपने ऑपरेशन लोटस के तहत मध्य प्रदेश से लेकर कर्नाटक और महाराष्ट्र तक कांग्रेस की सरकार गिरा कर अपनी सरकार बना रही थी उस समय बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ कर राजद और कांग्रेस के साथ सरकार बनाई। इस तरह भाजपा को बिहार की सत्ता से बाहर किया। उसके बाद से ही नीतीश और उनकी पार्टी के नेता यह राजनीतिक विमर्श चलाए हुए हैं कि देश के आधा दर्जन राज्यों में भाजपा की सीटें कम की जा सकती हैं, जिससे वह अगले चुनाव में बहुमत नहीं हासिल कर पाएगी। इस थ्योरी को देने के बाद नीतीश इस पर अमल के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। दिल्ली में जब वे मल्लिकार्जुन खडग़े और राहुल गांधी से मिले तो उन्होंने कहा है कि वे यूपीए से बाहर की छह पार्टियों के नेताओं से बात कर सकते हैं। इसमें उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात करने की बात कही। हालांकि नवीन पटनायक और जगन मोहन रेड्डी के बारे में सबको पता है कि वे विपक्षी गठबंधन में शामिल नहीं होंगे। के चंद्रशेखर राव व ममता बनर्जी पहले से विपक्षी गठबंधन बनाने के प्रयास में हैं इसलिए उनके साथ ज्यादा बात करने की जरूरत नहीं है। असली मसला उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और बाकी हिंदी प्रदेशों में अरविंद केजरीवाल से तालमेल बनवाने का है। क्या नीतीश यह काम कर पाएंगे? खडग़े और राहुल गांधी से मिलने के बाद बुधवार को नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इसके अगले दिन आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मिले। केजरीवाल से मुलाकात तो औपचारिक प्रकृति की थी लेकिन संजय सिंह से गंभीर राजनीतिक बात हुई है। अगर नीतीश कुमार किसी तरह से केजरीवाल के साथ विपक्ष और खास कर कांग्रेस का गठबंधन बनवाते हैं तो वह बहुत बड़ी बात होगी क्योंकि कांग्रेस को असली खतरा सिर्फ आम आदमी पार्टी से है। वे बाकी प्रादेशिक पार्टियों के खिलाफ चुनाव लडऩे उनके असर वाले राज्य में नहीं जा रहे हैं। उनको बंगाल या तेलंगाना में चुनाव नहीं लडऩा है और न बिहार या तमिलनाडु में लडऩा है। उनको दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात आदि राज्यों में लडऩा है, जहां मोटे तौर पर कांग्रेस की सीधी लड़ाई भाजपा से है। वे इन राज्यों में कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते हैं। जब से उनको राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है तब से वे और ज्यादा उत्साहित हैं। ऐसे में उनको समझना बहुत मुश्किल होगा। उनको अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा छोडऩे और विपक्ष को मजबूत करने के लिए गठबंधन में शामिल करने के लिए तैयार करना बहुत मुश्किल होगा। अभी वे कर्नाटक में चुनाव लड़ रहे हैं और साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव लडऩे की तैयारी कर रहे है। नीतीश की असली परीक्षा केजरीवाल को साधने में होगी। इसके बाद उनको अखिलेश यादव को विपक्षी गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार करना होगा।

# नेपाल के प्रयोग पर नजर



काठमांडू में शुरू हुए 'टेक्स्टबुक–फ्री फ्राइडेइ नामक प्रयोग ने लोगों का ध्यान खींचा है। इस योजना के तहत बच्चों को शुक्रवार को बिना स्कूली बस्ते के स्कूल आने को कहा गया है। उस रोज स्कूलों में कुछ जरूरी बुनियादी कौशल सिखाए जाएंगे।

नेपाल में एक ऐसा प्रयोग शुरू किया गया है, जिस तरफ ध्यान जाना लाजिमी बनता है। यह प्रयोग अगर सफल रहा, तो बेशक इसे कई देशों में अपनाया जाएगा। शिक्षा को सार्थक और वास्तविक जीवन से जोड़ा जाए, विचार के स्तर पर यह बात अक्सर कही जाती है। लेकिन ऐसा असल में कैसे किया जाए, यह एक गंभीर सवाल है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में इसी सवाल का उत्तर ढूंढने की कोशिश की गई है। काठमांडू में 'टेक्स्टबुक–फ्री फ्राइडेइ का एक नया प्रयोग शुरू किया गया है। शहर के 89 में से 56 कम्युनिटी स्कूलों में शुरू हुए इस प्रयोग के तहत बच्चों को शुक्रवार को बिना किताब और स्कूली बस्ते के स्कूल आने को कहा गया है। शुक्रवार को स्कूलों में रोजमर्री जिंदगी के लिए जरूरी बुनियादी कौशल सिखाए जाएंगे। छात्रों की पाठ्यक्रम के बाहर की गतिविधियों में उनकी भागीदारी बनाई जाएगी। हालांकि बीते शुक्रवार को शुरू हुए इस प्रयोग की कुछ हलकों से आलोचना भी हुई है। कुछ शिक्षाशास्त्रियों ने कहा है कि योजना को बिना पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किए लागू कर दिया गया है। जबकि नगर प्रशासन ने कहा है कि उसने इस प्रयोग के लिए दो करोड़ नेपाली रुपये का बजट मंजूर किया है।

इस प्रयोग के तहत नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों 10 टॉपिक्स पर अल्पकालिक कोर्स करने का मौका दिया जाएगा। इन टॉपिक्स में खेती, बागवानी, कॉस्मेटिक ट्रेनिंग, कारपेंटरी, नक्काशी, पाक कला, फैशन डिजाइन, वस्त्र सिलाई, इलेक्ट्रिक वायरिंग, आपदा तैयारी, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर, प्लंम्बिंग, और मूर्ति कला शामिल हैं।इनमें से हर कोर्स वैकल्पिक है और हर कोर्स की अवधि 90 दिन होगी। आठवीं कक्षा तक के छात्रों को लेखन, संगीत, कविता लेखन आदि जैसी गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें खेतों की खुदाई, पौधा लगाने, पराली हटाने, कचरे का निपटारा आदि जैसे कार्यों की ट्रेनिंग दी जाएगी। काठमांडू के मेयर ने कहा है कि ट्रेनिंग के लिए कार्यों को चुनते वक्त यह ध्यान रखा गया है कि ऐसे प्रशिक्षण से छात्र घरेलू जरूरतों को पूरा करने के योग्य बनें। अगर योजना सचमुच छात्रों को इसके लायक बना पाई, तो बेशक इसका कई अन्य जगहों पर अनुकरण किया जाएगा।

००

शहर के 89 में से 56 कम्युनिटी स्कूलों में शुरू हुए इस प्रयोग के तहत बच्चों को शुक्रवार को बिना किताब और स्कूली बस्ते के स्कूल आने को कहा गया है। शुक्रवार को स्कूलों में रोजमर्री जिंदगी के लिए जरूरी बुनियादी कौशल सिखाए जाएंगे। छात्रों की पाठ्यक्रम के बाहर की गतिविधियों में उनकी भागीदारी बनाई जाएगी। हालांकि बीते शुक्रवार को शुरू हुए इस प्रयोग की कुछ हलकों से आलोचना भी हुई है। कुछ शिक्षाशास्त्रियों ने कहा है कि योजना को बिना पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किए लागू कर दिया गया है। जबकि नगर प्रशासन ने कहा है कि उसने इस प्रयोग के लिए दो करोड़ नेपाली रुपये का बजट मंजूर किया है।

**भारत सरकार की दिक्कत यह है कि उसने यह लाइन पकड़ ली है कि चीन की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है और किसी ने भारत की एक इंच जमीन नहीं कब्जा की है। गलवान घाटी की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि चीन ने भारत की जमीन कब्जा किया है। सोचें, भारत कह रहा है कि चीन ने एक इंच जमीन नहीं ली है और चीन भी यही कह रहा है कि उसने एक इंच जमीन नहीं ली है, फिर विवाद किस बात का है? चीन ने घुसपैठ नहीं की है तो भारत कहां से उसको पीछे हटने और अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने के लिए कह रहा है? अगर चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की है तो दुशांबे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जो कहा था कि पूर्वी लद्दाख में चीन की कार्रवाई से दोपक्षीय संबंध प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं।**

# चीन से वार्ता का क्या संदेश है?

**अजीत द्विवेदी**

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति बदलने के चीन के प्रयासों और गलवान घाटी में भारत–चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर की वार्ता हुई है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने भारत आए चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ दोपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के संबंधों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से भी यह एक बड़ा घटनाक्रम था। लेकिन इस वार्ता का क्या संदेश है? क्या दोनों देश तीन साल से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में बढ़ेंगे? ध्यान रहे चीन के साथ सीमा पर गतिरोध का बिंदु सिर्फ पूर्वी लद्दाख नहीं है। डोकलाम से लेकर अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक चीन ने किसी न किसी रूप में दखल देने का प्रयास किया है।

भारत का कहना है कि सीमा से जुड़े सारे मुद्दों का समाधान जब तक नहीं होता है, तब तक आगे बढऩे का रास्ता नहीं बनेगा। भारत ने सीमा विवाद को सवोच्च बताते हुए इसके समाधान को दोपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अनिवार्य बताया है। ली शांगफू के साथ दोपक्षीय वार्ता के बाद भारत की ओर से जो जारी बयान के मुताबिक राजनाथ सिंह ने चीन के अपने समकक्ष से बहुत साफ शब्दों में कहा कि दोनों देशों के दोपक्षीय संबंधों में प्रगति सीमा पर शांति और स्थिरता पर निर्भर है। भारत ने चीन से मौजूदा दोपक्षीय संधियों के आधार पर सारे विवाद निपटाने की बात कही है। दूसरी ओर इस वार्ता के बाद चीन ने जो बयान जारी किया है उसमें बिल्कुल उलटी बात कही गई है। चीन ने सीमा के हालात को मोटे तौर पर स्थिर बताया है और दोपक्षीय संबंधों के बीच सीमा विवाद को एक निश्चित जगह देने की बात कही है। उसका कहना है कि सब कुछ सीमा विवाद से जोडऩा या उस पर निर्भर करना ठीक नहीं है।

इस तरह भारत चाहता है कि सीमा विवाद सुलझे तब दोपक्षीय संबंधों में आगे बढ़ा जाए और चीन कहता है कि सीमा विवाद सुलझाने का प्रयास चलता रहेगा लेकिन साथ ही दोपक्षीय संबंध भी चलते रहने चाहिए। उसने भारत के सामने दोनों देशों के सैनिकों के बीच सहयोग और साझीदारी बढ़ाने का एक प्रस्ताव भी रखा, जिसे भारत ने खारिज कर दिया। अब सवाल है कि क्या सचमुच भारत इतना नाराज है कि चीन से संबंध नहीं रखना चाहता है और इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि जब तक सीमा विवाद नहीं सुलझेगा, तब तक दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं होगा? ऐसा नहीं है। यह सिर्फ भारत की एक पोजिशनिंग है, एक दिखावा है, जिसका मकसद राजनीतिक कांस्टीट्यूएंसी को एड्रेस करना है। भारत नहीं चाहता है कि चीन के साथ कोई ऐसी तस्वीर आए, जो भारत के मजबूत और सख्त नेतृत्व पर सवाल उठाने वाली हो। इसी वजह से सैन्य साझेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज किया गया और इसी वजह से एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री से हाथ मिलाने से इनकार किया।

हकीकत यह है कि कूटनीतिक और सैन्य मामले में भारत जो भी स्टैंड ले कारोबार के मामले में भारत बुरी तरह से चीन पर निर्भर होता जा रहा है। सोचें, अगर भारत को चीन के सीमा विवाद सुलझे बगैर सैन्य साझेदारी नहीं करनी है या दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं करना है तो आर्थिक साझेदारी क्यों बढ़ाई जा रही है? सरकार कुछ भी कहे लेकिन हकीकत यह है कि 2015 से 2022 के बीच भारत और चीन का दोपक्षीय व्यापार 190 फीसदी बढ़ा है। यानी हर साल भारत के आर्थिक विकास दर से दोगुने से ज्यादा रफ्तार से चीन से भारत का कारोबार बढ़ा है। इस अवधि में चीन से होने वाला आयात 120 फीसदी बढ़ा है, जबकि भारत के निर्यात में 38 फीसदी की कमी आई है। चीन के साथ एक साल का कारोबार 136 अरब डॉलर का हो गया है। यह तब हुआ है जब भारत में चीन के बहिष्कार की बात चल रही है। अगर दोपक्षीय संबंध सीमा विवाद के सुलझने पर निर्भर हैं तो आर्थिक संबंधों को क्यों उससे अलग रखा गया है?

दोनों देशों के कारोबार की छोड़ें एक हकीकत यह भी है कि चीन के जाल में फंस कर भारत ने पूर्वी लद्दाख के इलाके में अपनी रणनीतिक बढ़त गंवाई है। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत के बहादुर सैनिकों ने 29–30 अगस्त 2020 की रात को कैलाश रेंज में रेजांग ला और रेचिन ला की पहाडिय़ों पर अपना नियंत्रण बना लिया था। यह इतना अचानक हुआ था कि चीन के सैनिक हतप्रभ रह गए थे। उनको पता भी नहीं चला और भारत की सेना ने ऐसी रणनीतिक जगह पर अपना नियंत्रण बना लिया, जहां से वह चीनी सैनिकों की हर गतिविधि पर नजर रख सकती थी।



इस घटना के बाद अचानक चीन ने भारत से सैन्य वार्ता में रूचि दिखानी शुरू की और यथास्थिति बहाली के लिए कोर कमांडरों की वार्ता शुरू हुई। ऐसी ही एक वार्ता में भारत ने चीन की बात मान ली और पैंगोंग झील के पास उसके सैनिकों के पीछे हटने के बदले में रेजांग ला और रेचिन ला से अपने सैनिकों के हटा लिया। जैसे ही भारत की यह रणनीतिक बढ़त समाप्त हुई, चीन की वार्ता में रूचि भी समाप्त हो गई। सोचें, अब तक कोर कमांडर स्तर की 18 दौर की वार्ता हो चुकी है और अभी तक पैंगोंग झील के अलावा किसी दूसरी जगह से सैनिकों के पीछे हटने की बात सफल नहीं हुई है। सो, चाहे सामरिक हो या आर्थिक दोनों मोर्चे पर चीन किसी न किसी तिकड़म से भारत को अपने जाल में फंसाए हुए है। भारत सरकार की दिक्कत यह है कि उसने यह लाइन पकड़ ली है कि चीन की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है और किसी ने भारत की एक इंच जमीन नहीं कब्जा की है। गलवान घाटी की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि चीन ने भारत की जमीन कब्जा किया है। सोचें, भारत कह रहा है कि चीन ने एक इंच जमीन नहीं ली है और चीन भी यही कह रहा है कि उसने एक इंच जमीन नहीं ली है, फिर विवाद किस बात का है? चीन ने घुसपैठ नहीं की है तो भारत कहां से उसको पीछे हटने और अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने के लिए कह रहा है? अगर चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की है तो दुशांबे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जो कहा था कि पूर्वी लद्दाख में चीन की कार्रवाई से दोपक्षीय संबंध प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। सवाल है कि वह क्या कार्रवाई थी, जिससे दोपक्षीय संबंध प्रभावित हुए हैं?

सो, कुछ तो है जो भारत के लोग नहीं जानते हैं। सरकार को वह बताना चाहिए। नागरिकों को भरोसे में लेना चाहिए और तब चीन से निर्णायक बात करनी चाहिए। देश के नागरिक देख रहे हैं कि उसने पूर्वी लद्दाख में क्या किया या अरुणाचल प्रदेश में किस तरह से उसने 30 से ज्यादा जगहों के नाम बदल दिए। डोकलाम विवाद से भी देश परिचित है। अच्छा है, जो भारत सरकार कह रही है कि इन सारी जगहों पर सीमा विवाद सुलझे तभी दोपक्षीय संबंधों में प्रगति होगी। लेकिन और अच्छा तब होगा, जब दोपक्षीय संबंधों में कारोबार को शामिल किया जाए। भारत अगर चीन से कारोबार खत्म करने या कम करने की हिम्मत दिखाए तभी चीन को कोई सबक दिया जा सकेगा।

# बदलती राजनीति, प्रमाण कर्नाटक!

**हरिशंकर व्यास**

हां, पहले जरा दिसंबर 2022 के गुजरात–हिमाचल चुनाव के माहौल को याद करें। फिर उसके बाद से कर्नाटक चुनाव के मौजूदा माहौल पर गौर करें तो क्या लगेगा नहीं कि राजनीति भारी बदल गई है। क्या लगता नहीं कि भारत सन् 2023 में भीषण सियासी गर्मी में झुलसेगा। हार–जीत के सिनेरियो को एक–तरफ करें और कर्नाटक पर सोचें! नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ या भाजपा का कैंपेन कैसा है? पूरी तरह रक्षात्मक है। नरेंद्र मोदी अपने जादू पर भरोसा करने की बजाय बूथ कार्यकर्ताओं से अपील कर रहे हैं। हिमाचल में भाजपा के टिकट कटे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था।वही कर्नाटक में भाजपा के दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस में शामिल हो कर कांग्रेस का टिकट लिया है। प्रदेश में भाजपा ने हिजाब, हलाल, टीपू सुल्तान जैसे जो मुद्दे पकाए थे, उन्हें वह छोड़ चुकी है। या तो वह यह कह रही है कि कांग्रेस जीती तो दंगे होंगेया मुस्लिम आरक्षण पर बात कर रही है।

पहली बार भाजपा हर तरह से भ्रष्टाचारों के आरोपों में घिरी है। प्रदेश में '40 प्रतिशत कमीशन सरकारइ का जुमला ऐसा चला है कि भाजपा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पत्रकार पूछे उससे पहले ही पत्रकार के आगे '40 प्रतिशतइ पर सफाई देने लगते हैं। अदानी और 40 प्रतिशत कमीशन की चर्चाओं में न तो भाजपा सबका साथ, सबका विकास का हल्ला बना पा रही है और न नरेंद्र मोदी अपनी जादू के आत्मविश्वास में सघन प्रचार कर रहे हैं जैसे दिसंबर में हिमाचल–गुजरात में किया था।

मतलब कर्नाटक में भाजपा इस समस्या से जूझ रही है कि बोलें तो क्या बोलें! ठीक विपरीत कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका, शिवकुमार, सिद्धारमैया, खडग़े दबा कर बोल रहे हैं। सभी ऐसे एक्टिव हैं, जैसे किसी बात का कोई डर नहीं, कोई चिंता नहीं।

सोचें, जनवरी 2023 से नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भाजपा सरकार ने राहुल गांधी, कांग्रेस, आप, विपक्ष को डराने, चोर, भ्रष्ट बतलाने के लिए क्या–क्या नहीं किया !राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म की। दिल्ली में उनको बेघर बनाया। मनीष सिसोदिया को जेल में डाला। अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी याकि विपक्षी नेताओं और परिवारों पर तरह–तरह की तलवारें लटकाईं। मगर इस सबके बावजूद राहुल गांधी ने कर्नाटक में बिना अदानी–नरेंद्र मोदी पर फोकस किए '40 प्रतिशत कमीशन सरकारइ के प्रादेशिक जुमले का जबरदस्त हल्ला बनवा डाला है।

तो जनवरी 2023 के बाद बदली राजनीति में पहली नई बात यह है कि भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप चिपका है। अखिल भारतीय स्तर पर अदानी और नरेंद्र मोदी पर राहुल गांधी ने, कांग्रेस ने संसद और सड़क



**तीसरी बात, विपक्ष में मंडल–जात राजनीति का कार्ड सर्वमान्य बना है। कर्नाटक में राहुल गांधी ने नीतीश कुमार के सूत्र में जातीय जनगणना की जो बात कही वह आगे विस्फोटक रूप लेगी। नरेंद्र मोदी अपने को कितना ही पिछड़ा बताएं, उनके लिएआगे दक्षिण में स्टालिन के सामाजिक न्याय से लेकर उत्तर भारत में नीतीश–तेजस्वी–अखिलेश–कांग्रेस की साझा मंडल राजनीति को पंक्चर करना आसान नहीं होगा।चौथी बात, राहुल गांधी और कांग्रेस ने कर्नाटक में जनता को रेवडिय़ां बांटने की जितनी तरह की जो–जो घोषणाएं की हैं वह हिमाचल प्रदेश की घोषणाओं का महारूप है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। बाकी घोषणाओं पर अमल का खाका बन रहा है। कर्नाटक में काग्रेस ने रोजगार, बिजली, पानी, किसानों, महिलाओं और गरीबों को सीधे आर्थिक मदद के साथ तटीय इलाकों याकि क्षेत्रवार वादे भी किए हैं।**

पर जो महाअभियान चलाया तो उससे अब प्रदेश–जमीनी स्तर पर भी लोग भाजपाई मुख्यमंत्रियों, नेताओं, सरकारों के भ्रष्टाचार को दिल–दिमाग में पैठाते हुए हैं। मोदी–शाह ने अरविंद केजरीवाल सहित तमाम विपक्षी नेताओं को जितना बदनाम किया उससे अधिक अनुपात में अदानी के स्थायी फैक्टर से लोग अपने आप '40 प्रतिशत कमीशन सरकारइ, को महंगाई जैसे आर्थिक मुद्दों का मिक्स कर भाजपा को विलेन बूझने लगे हैं। यदि कर्नाटक में भाजपा विधानसभा की 224 सीटों में से 70–80 सीटों पर अटकी और कांग्रेस को यदि अकेले बहुमत मिल गया तो साफ जाहिर होगा कि गैर–भक्त वोटों में भ्रष्टाचार और महंगाई जैसी तकलीफों का कॉकटेल मिक्स अब धर्म और जात राजनीति जितना ही दमदार बन रहा है।

दूसरी बात, चार महीने में मोदी सरकार ने विपक्ष को मारने कि जितने चाबुक चलाए उतना ही अब सभी विरोधी नेताओं में मन ही मन आर–पार की सियासी लड़ाई का संकल्प बना है। दिसंबर 2022 में अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, गांधी परिवार, स्टालिन, नीतीश–तेजस्वी, ममता, अखिलेश जो सोचते थे, उससे वे बहुत अलग अब 2024 का मन ही मन संकल्प बनाते हुए हैं।

तीसरी बात, विपक्ष में मंडल–जात राजनीति का कार्ड सर्वमान्य बना है। कर्नाटक में राहुल गांधी ने नीतीश कुमार के सूत्र में जातीय जनगणना की जो बात कही वह आगे विस्फोटक रूप लेगी। नरेंद्र मोदी अपने को कितना ही पिछड़ा बताएं, उनके लिएआगे दक्षिण में स्टालिन के सामाजिक न्याय से लेकर उत्तर भारत में नीतीश–तेजस्वी–अखिलेश–कांग्रेस की साझा मंडल राजनीति को पंक्चर करना आसान नहीं होगा।

चौथी बात, राहुल गांधी और कांग्रेस ने कर्नाटक में जनता को रेवडिय़ां बांटने की जितनी तरह की जो–जो घोषणाएं की हैं वह हिमाचल प्रदेश की घोषणाओं का महारूप है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। बाकी घोषणाओं पर अमल का खाका बन रहा है। कर्नाटक में काग्रेस ने रोजगार, बिजली, पानी, किसानों, महिलाओं और गरीबों को सीधे आर्थिक मदद के साथ तटीय इलाकों याकि क्षेत्रवार वादे भी किए हैं। प्रियंका गांधी वारा ने महिलाओं के लिए अलग घोषणापत्र बनाने की बात करके पार्टी की यह रणनीति बतलाई है कि गरीब, महिला, मुस्लिम और दलित पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव तक नई रणनीति बनाएगी तो सहयोगियों के साथ मंडल राजनीति का कार्ड भी चलेगी।

क्या यह सब 2024 के आम चुनाव की जमीन की तैयारी नहीं है?

क्या इसे नरेंद्र मोदी–अमित शाह बूझते हुए नहीं होंगे? बिल्कुल हैं। तब कर्नाटक में भाजपा क्या कर रही है? वह मोटा–मोटी बूथ स्तर पर बनाई अपनी वोट प्रोडक्शन असेंबली लाइन को धर्म तथा पैसे सेग्रीस करते हुए है। यह उसका पुराना और स्थायी नुस्खा है। हिमाचल और गुजरात के चुनाव में भी था। हर बूथ पर कौन हमारा है और कौन सा विरोधी की एक–एक वोट गिनती पर और प्रति वोट के प्रबंधन, येन–केन–प्रकारेण अपने ज्यादा वोट डलवाने की भाजपा कारीगरी 2017 के यूपी चुनाव से काम करती हुई है। उस नाते कर्नाटक में भी भाजपा को जीतना चाहिए। मेरा मानना है इस पहलू पर कांग्रेस कर्नाटक में लापरवाह होगी। बावजूद इसके यह तो जाहिर है कि हिमाचल के बाद से अब तक के चार महीने में भारत की राजनीति बहुत बदली है। एक निचोड़ यह है कि विपक्ष को खत्म करने का मोदी महाअभियान उलटा पड़ता, बैकफायर होता हुआ है।

# स्ट्रॉबेरी को इन 5 रेसिपी के जरिए डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

खट्टे–मीठे स्वाद से भरपूर स्ट्रॉबेरी का इस्तेमाल अक्सर डेजर्ट और स्मूदी में किया जाता है। यह फल न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखने और शरीर को कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचाने में भी सहायक है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक है। आइए हम आपको 5 ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप स्ट्रॉबेरी को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी मूस

कुछ स्ट्रॉबेरी को थोड़ी चीनी के साथ ब्लेंडर में डालें और जब तक चिकना पेस्ट न बन जाए तब तक इसे ब्लेंड करते रहें। अब थोड़ी–सी क्रीम को फेंट लें और उसमें थोड़ा–सा स्ट्रॉबेरी का मिश्रण मिलाएं। इसके बाद एक गिलास में बाकि स्ट्रॉबेरी का पेस्ट डालें, फिर ऊपर से क्रीम डालें। इसी तरह मिश्रण की 3–4 लेयर बना लें। अंत में इस पर स्ट्रॉबेरी गार्निश करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें, फिर इसका सेवन करें।

स्ट्रॉबेरी की कुल्फी

इसे बनाने के लिए सबसे पहले ब्लेंडर में स्ट्रॉबेरी, नींबू का रस, कुछ तुलसी के पत्ते और शहद को डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में भरकर फ्रिज में रख दें। इसके बाद जब आपको कुल्फी खानी हो तब सांचे को गर्म पानी में हल्का–सा डुबोकर



कुल्फी को निकालकर उसका जायका लें। आप चाहें तो कुल्फी की इन 5 रेसिपी को भी ट्राई कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी चीज़ केक

केक के टिन को मक्खन से चिकना करें, फिर इसमें चॉकलेट बिस्कुट का चुरा डालकर चम्मच से दबाएं। इसके बाद टिन को 30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। अब आवश्यकतानुसार स्ट्रॉबेरी को मिक्सी में पीसें, फिर इसे एक बड़े कटोरे में क्रीम चीज़, सॉर क्रीम और चीनी के साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को केक के टिन में डालें, फिर इसे ओवन में 50–55 मिनट के लिए बेक करके इसका स्वाद लें।

स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा

गर्मी का मौसम आ गया है और ऐसे में कुछ रिफ्रेशिंग पीने की इच्छा सबसे ज्यादा रहती है। स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा आपको भरपूर ऊर्जा देने के साथ सक्रिय रखने में भी मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद, तुलसी के पत्ते, संतरे का जूस और बाल्समिक सिरका मिलाकर ब्लेंड करें। अब इसमें सोडा पानी और बर्फ डालकर इसे परोसें औक खुद भी इसका आनंद लें।

स्ट्रॉबेरी पेनकेक्स

सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और दालचीनी मिलाएं। अब एक जग लें और उसमें सोया दूध, वेनिला अर्क और दही को डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण मिलाएं। इसके बाद मिश्रण की एक करछी को तेल लगे तवे पर डालें और इसे धीमी आंच पर सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इनके ऊपर स्ट्रॉबेरी प्यूरी डालें और ताजी स्ट्रॉबेरी को गार्निश करके इसे परोसें।

# ऋषिकेश में बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी



ऋषिकेश। वैशाख मास की बुद्ध पूर्णिमा पर तीर्थनगरी ऋषिकेश के त्रिवेणीघाट समेत आसपास के घाटों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और आराध्य देव की पूजा अर्चना कर परिवार के खुशहाली की कामना की। घाट परिसर पर कतार में बैठे भिक्षुओं को दान देकर पुण्य कमाया।

शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के स्नान पर्व पर ब्रह्ममुर्हूत से श्रद्धालु त्रिवेणीघाट का रुख करने लगे। सुबह करीब 7 बजे तक त्रिवेणीघाट से लेकर नाव घाट तक काफी संख्या में श्रद्धालु नजर आए। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पुष्प और दीपदान किया। घाट परिसर में बने मंदिरों में मत्था टेकने के बाद पूजा अर्चना की। वहीं, लक्ष्मणझूला, स्वर्गाश्रम, मुनिकीरेती आदि क्षेत्रों के स्नान घाटों पर स्थानीय और बाहरी प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी। स्नान दान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। वहीं बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान को लेकर मुनिकीरेती, लक्ष्मणझूला और त्रिवेणीघाट पर जल पुलिस के जवान तैनात रहे।

इस दौरान उन्होंने घाट पर अप्रिय घटना को रोकने के लिए लोगों पर कड़ी निगरानी रखी।

## पेयजल निगम पेंशनर्स का आंदोलन स्थगित

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने मई महीने का प्रस्तावित आंदोलन स्थगित कर दिया है। एसोसिएशन की मांग पर वर्ष 2016 के बकाया एरियर का भुगतान कर दिया गया है। एसोसिएशन ने ग्रेच्युटी और नगदीकरण के भुगतान को दबाव बनाया। एमडी से वार्ता में एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने बकाया एरियर का भुगतान होने पर एमडी का आभार जताया। कहा कि यूपी से रिटायर हुए कर्मचारियों को जल्द उत्तराखंड के कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिए जाएं। समय पर पेंशन का भुगतान किया जाए। गोल्डन कार्ड की सुविधा का लाभ दिया जाए। एसोसिएशन ने मुख्यालय स्तर पर समस्याओं का समाधान न होने पर भी नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पीएस रावत, आरके कांबोज, मनमोहन नेगी, ईश्वरपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# झुका विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को न्यौता


विकासनगर। ऊर्जा निगम की लापरवाही चिरंजीपुर डांडी के ग्रामीणों पर कभी भी भारी पड़ सकती है। यहां 11 केवी की बिजली की तारें खंबे समेत झुक कर दूसरे खंबे से टकराने की कगार पर पहुंच चुका है। दोनों खंबों के तार आपस में मिलने से भी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

विकासनगर और आसपास के क्षेत्र में जर्जर पोल, झुके हुए पोल और झूलती तारें लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ताजा मामला चिरंजीपुर डांडी का है, जहां दस दिन पहले बिजली का खंबा झुक गया था। खंबा झुकने के कारण इससे गुजर रही 11 केवी की तारें भी झुककर जमीन को छूने की कगार पर पहुंच गई है। इसी मार्ग पर दो शिक्षण संस्थान भी संचालित होते हैं, जिनमें पढ़ने वाले बच्चे यहां से गुजरते हैं। ऐसे में बच्चों के साथ ही दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अचानक बारिश और तेज हवाएं चलने लग जाती हैं, ऐसे में कभी भी बिजली का खंबा पूरी तरह से गिर सकता है, जिससे तारें सड़क पर पड़ जाएंगी। रात के अंधेरे में खंबा गिरने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके साथ ही झुका हुआ खंबा दूसरे खंबे से टकराने की कगार पर पहुंच गया है, जिससे तारों के आपस में मिलने का खतरा भी बना हुआ है। बताया कि ऊर्जा निगम अधिकारियों समेत क्षेत्रीय विधायक को भी इस स्थिति से अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके आम लोगों के लिए खतरा बन चुका बिजली का खंबा बदला नहीं जा रहा है। उधर, ऊर्जा निगम के एसडीओ मनोज कंडवाल ने बताया कि पूरे शहर में जर्जर पोल बदले जा रहे हैं। चिरंजीपुर डांडी में भी जल्द ही बिजली का पोल बदल दिया जाएगा।

## कांग्रेस के खिलाफ बजरंग दल ने निकाली आक्रोश रैली

विकासनगर। कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की ओर से बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाए जाने वाले बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में उबाल है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर यमुना में लगाई डुबकी, शिलालेख की परिक्रमा की



विकासनगर। कालसी स्थित सम्राट अशोक की शिलालेख पर शुक्रवार को बुद्धं शरणम् गच्छामि, संघं शरणम् गच्छामि... की मधुर ध्वनि गूंजती रही। मौका था बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध उत्सव मेला समिति कालसी की ओर से आयोजित समारोह का। जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य कई प्रदेशों के लोगों ने भाग लिया। मेला समिति के सदस्यों ने यमुना में स्नान करने के बाद शिलालेख की परिक्रमा की। मेला समिति के महासचिव यशपाल सैनी ने कहा कि सम्राट अशोक का नाम इतिहास में युग प्रवर्तक और शांति दूत के रूप में लिया जाता है। कहा कि युद्ध की विभीषिका से दुखी होकर बौद्ध धर्म अपनाने वाले सम्राट अशोक से वर्तमान विश्व को सीख लेनी चाहिए। जिससे विश्व बंधुत्व की धारणा मूर्त रूप ले सके और विश्व में शांति स्थापित हो। अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि कलिंग युद्ध की विभीषिका के बाद सम्राट अशोक ने जीवन में युद्ध नहीं करने की शपथ लेकर शांति स्थापना के लिए अन्य देशों में भी अभियान चलाया। लेकिन, वर्तमान में दो विश्व युद्धों के साथ ही राष्ट्रों के अन्य कई आपसी युद्धों की विभीषिका देखने के बाद भी वैश्विक राजनेता अपनी मत्वाकांक्षाओं के लिए निर्दोष जनता को युद्ध की त्रासदी में झोंक देते हैं।

## बेरोजगार संघ का आयुर्वेद निदेशालय पर धरना

देहरादून। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा बेरोजगार संघ का आयुर्वेद निदेशालय डांडा लखोंड देहरादून में धरना 98 वें दिन भी जारी रहा। नाराज डिप्लोमा धारक बेरोजगारों ने कहा है कि धरने को चौथा महीना शुरू हो चुका है। इसके बाद भी मांगों का निस्तारण नहीं किया गया है।

अफसरों ने सीएम से भी मुलाकात नहीं कराई। सीएम से मुलाकात को 25 अप्रैल को कूच करने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने बेरोजगारों को गिरफ्तार कर लिया। नाराज बेरोजगार आठ मई को परेड ग्राउंड से सीएम आवास तक पैदल मार्च निकालेंगे।

# गढ़वाली फीचर फिल्म पधनी जी देखने उमड़े दर्शक



ऋषिकेश। ऋषिकेश में महेश्वरी फिल्म द्वारा निर्मित गढ़वाली फीचर फिल्म पधनी जी का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के जरिए महिला सशक्तिकरण और पहाड़ों में बढ़ते नशे के खिलाफ एक सार्थक संदेश दिया गया है। शुक्रवार को दून मार्ग स्थित रामा पैलेस सिनेमा घर में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने फीता काटकर गढ़वाली फीचर फिल्म पधनी जी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बॉलीवुड स्टाइल में बनी पधनी जी फीचर फिल्म गढ़ फिल्मों के लिए निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने फिल्म के निर्माता निदेशक अशोक चौहान को शानदार फिल्म के निर्माण के लिए बधाई भी दी। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई प्रोड्यूसर आने वाले समय में उत्तराखंड में फिल्म बनाएंगे। निर्माता निदेशक अशोक चौहान ने कहा कि फ़िल्म की अधिकतम शूटिंग यमकेश्वर ब्लॉक में हुई है। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने कहा कि फिल्म का पहला शो हाउसफुल रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपनी बोली–भाषा, संस्कृति के उत्थान हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फिल्म देखने की अपील की। कहा कि फिल्म का एक शो सुबह 10.30 बजे रोजाना एक सप्ताह तक प्रदर्शित किया जा रहा है।

## बिना अनुमति सफाई अभियान चलाने वालों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में बिना अनुमति निजी सफाई वाहन चलवाने वालों के खिलाफ निगम का अभियान जारी रहेगा। नगर आयुक्त मनुज गोयल के निर्देश पर प्रतिदिन सुबह और शाम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने बताया कि शहर में कई लोग खासतौर से कॉमर्शियल भवनों से कूड़े का उठान कर उनसे मनमाना सफाई यूजर चार्ज वसूल रहे हैं। जिसकी निगम को जानकारी तक नहीं दी जा रही। कूड़ा लेकर कहीं भी डंप कर दिया जाता है। इसका सफाई व्यवस्था पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वार्डों के लिए पर्याप्त वाहन खरीदे जा चुके हैं। इसलिए नियमों को ताक पर रखकर चल रहे सफाई वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर हमले के विरोध में महानगर कांग्रेस की बैठक

हरिद्वार। देहरादून स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई नारेबाजी को लेकर महानगर कांग्रेस ने बैठक करके नाराजगी जाहिर की। महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि अगर बजरंग दल वाले सही मायने में बजरंगबली के भक्त हैं तो सबसे पहले जंतर मंतर पर जाकर पहलवान खिलाड़ियों का समर्थन करें। जो सबसे बड़े बजरंगबली के भक्त हैं। जो विगत कई दिनों से धरने पर बैठे हैं और केंद्र में बैठी भी तानाशाह सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। बैठक में अंकित चौहान, मुरली मनोहर, राजीव भार्गव, कैलाश भट्ट, शुभम जोशी, निशा शर्मा, अनिल चौहान, सोम त्यागी, संजय वाल्मीकि, संजय अम्बरीष वालिया आदि शामिल रहे।

## दो युवक चाकु के साथ गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने दो युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया है। गुरुवार रात पुलिस सिडकुल गश्त कर थी। इस दौरान पुलिस ने दो संदग्धि युवकों को रुकने का इशारा किया।

# कांग्रेसियों ने किया भाजपा सरकार की बुद्धि–शुद्धि को भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ



ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ हमला बोला है। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और वोटों की खातिर सामाजिक माहौल और भाईचारा समाप्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया।शुक्रवार को त्रिवेणीघाट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूर्व नगर अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने कहा कि भाजपा सरकार की केंद्रीय और राज्य सरकारें केवल जनता को गुमराह करने में लगी है। प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा सरेराह आम आदमी की पिटाई की जा रही है। देश व प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, गरीबी बढ़ रही है। गरीबों, मजदूरों, किसानों व महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है।

पूर्व सभासद रवि जैन ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों की भावनाएं भड़काकर देश का साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का कार्य कर रही है। उसी को लेकर कांग्रेस जन भजन व हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान हनुमान से सरकार की बुद्धि की शुद्धि की कामना कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश शर्मा व पार्षद भगवान सिंह पंवार ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा की संलिप्तता तथा सत्ता के बल पर वीआईपी का नाम उजागर न होने देने की घटना हो या हेमा नेगी हत्याकांड हो, पिंकी हत्याकांड हो, जगदीश हत्याकांड हो, सभी में भाजपा सरकार ने आपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है, जो कि शर्मनाक है।

## मारपीट मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नवाबगढ गांव में एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में अपने भाई, भतीजा सहित छह लोगों पर बल्वा करने, मारपीट, गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। ग्रामीण ने तहरीर में बताया कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसके व उसके परिवार के लोगों पर हमला किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फकीर चंद पुत्र शांति प्रसाद निवासी नवाबगढ़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मई को उसके भाई नाथीराम पुत्र शांति प्रसाद, भतीजे सुमित पाल पुत्र नाथीराम, अश्वनी पाल पुत्र रामपाल, प्रवेश पाल पुत्र रामपाल, रोहित पुत्र विनोद कुमार, मनुज पाल पुत्र शिवराम सभी निवासी नवाबगढ ने एक राय होकर उसके व उसके परिवार के साथ लोहे की रॉड से हमला बोलकर उनकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। बताया कि आरोपियों ने मारपीट कर गाली गलौज किया व जान से मारने की धमकी दी है। एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई वीरेंद्र राम को सौंपी गयी है।

# प्रो. बिहारीलाल शर्मा बने मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद् के सदस्य

हरिद्वार। भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. बिहारीलाल शर्मा को मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य उच्च शिक्षा परिषद् का सदस्य मनोनीत किया है। प्रो. शर्मा वर्तमान में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर के ही साथ विवि में आईक्यूएसीए निदेश-ाक व कुलानुशासक भी है। मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य उच्च शिक्षा परिषद का गठन किया है।

इस परिषद् में देश के शिक्षाजगत के विख्यात, प्रतिष्ठित विद्वानों को सदस्य बनाया गया है। उच्च शिक्षा परिषद् में शासन के नियमानुसार मध्यप्रदेश के अतिरिक्त देश के अन्य प्रांतों से भी कुल दो सदस्यों का मनोनयन होना था। जिसमें प्रो. बिहारीलाल शर्मा को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। प्रो. बिहारीलाल शर्मा संस्कृत एवं ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वान है। उनका नाम ज्योतिष के क्षेत्र में देश–विदेश के अग्रणी विद्वानों में लिया जाता है। इनके निर्देशन में 15 शोधार्थी पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। इनके द्वारा लिखित अनेक पुस्तकें संस्कृतजगत में प्रसिद्ध है। इनके द्वारा लिखित अनेक शोध लेख राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। प्रो. शर्मा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों तथा हरिद्वार के संस्कृत प्रेमी जनों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।

# परिषद से सनातन धर्म को मजबूती करने के लिए बेहतर प्रयासः हरक

हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय में पहुंचे। जहां परिषद के पदाधिकारियों ने भव्य रूप से स्वागत किया। उन्होंने सनातन परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के संरक्षण में चल रहे गठन को लेकर हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म को मजबूत करने की जरूरत हो रही है। सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और मजबूती प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय सनातन परिषद प्रशंसनीय कार्य कर रही है। आगे भी परिषद अपनी स्थापना के उद्देश्यों को पूरा करने में सफ़ल होगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को छोटी बडी जातियों में बांट कर कमजोर करने की कोशिशे की जा रही हैं। जिसे आगे आकर रोका जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी को साथ रहकर देश के साथ विश्व में सनातन धर्म के महत्व को दिखाना होगा। कार्यालय पहुंचने पर हरक सिंह रावत को महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविक्षित रमन, राष्ट्रीय सचिव सतीश, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने मां मनसा देवी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

## डिप्लोमा फार्मासिस्टों ने जिला अस्पताल में किया प्रदर्शन

हरिद्वार। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर चौथे दिन भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार करते हुए जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। चीफ फार्मासिस्ट एसपी चमोली ने कहा कि मांगो पर सकारात्मक कार्रवाई न होने तक एसोसिएशन चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगा। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन 24 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। आंदोलन के तीसरे चरण में सोमवार से एसोसिएशन ने सुबह आठ से दस बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार का ऐलान किया हुआ है।

# सर्वांगीण विकास हेतु विद्या के साथ संस्कार भी जरूरीः मनमोहन भोला



ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि बेहतर शिक्षा–बेहतर स्वास्थ्य के तहत जरूरतमंद विद्यालयों के सहयोग के लिए आगे आया है। क्लब ने सरस्वती विद्या मंदिर रूसा फार्म गुमानीवाला में कंप्यूटर सहित अन्य जरूरी सामग्री भेंट की। शुक्रवार को लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि ने रूसा फार्म गुमानीवाला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्लब द्वारा विद्यालय को कंप्यूटर, पंखे व टाट पट्टी भेंट की गई। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी मनमोहन भोला ने कहा कि क्लब बेहतर शिक्षा–बेहतर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य कर रहा है, इसी कड़ी में क्लब द्वारा नगर क्षेत्र के साथ साथ अब ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी जरूरतमंद स्कूलों में जरूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। क्लब सदस्य सुरेंद्र कथुरिया ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार देना भी आवश्यक है। बच्चे पाश्चात्य संस्कृति में विलुप्त होते जा रहे हैं। संस्कारित बच्चा ही एक अच्छा नागरिक बनता है। मौके पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष गोपाल नारंग, राजेंद्र प्रसाद पांडे, धीरेंद्र अग्रवाल, वीना आदि उपस्थित रहे।

# कृषक महोत्सव में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी



विकासनगर। सरकार किसान के द्वार कृषि एवं रेखीय विभाग द्वारा आयोजित कृषक महोत्सव खरीद 2023 का आयोजन व्यास नहरी व बसाया गांव के पंचायत भवन में किया गया। जिसमें काश्तकारों को विभिन्न विभागों संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। सहायक कृषि अधिकारी कालसी सतेंद्र नेगी ने काश्तकारों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी दी। कहा कि जिन किसानों की किसान सम्मान निधि नहीं आ रही थी उनकी मौके पर जांच कर उनका निस्तारण किया। सहायक उद्यान अधिकारी डॉ. अंकित टम्टा ने कृषकों को पॉलीहाउस मधुमक्खी पालन, फलों की फसल विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी व उनमें दवाइयों का प्रयोग कब कब करना है की जानकारी दें।

## भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान

विकासनगर। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं के द्वारा शुक्रवार को डाकपत्थर में साफ–सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें उनके द्वारा सड़क के दोनों ओर सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष चिराग गुलेरिया के नेतृत्व में डाकपत्थर चौक पर एकत्रित हुए जहां से उनके द्वारा गोल मार्केट तक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरना कार्यकर्ताओं ने सड़क के दोनो तरफ पड़े कूड़े को इकट्ठा कर उसे पंचायत के द्वारा लगाए गए कूड़ेदान में डाला गया।

## गोल्ड मेडल जीतने पर प्रियांशु का स्वागत किया

हरिद्वार। जिला भाजपा कार्यालय में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित हुई 5वीं यूथ एथलेटिक चैंपियनशिप में देश का गौरव बढ़ाने वाले ग्राम–केहड़ा निवासी प्रियांशु द्वारा 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने पर भाजपा जिलाअध्यक्ष संदीप गोयल के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रियांशु के कोच लोकेश कुमार का भी सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि जो उपलब्धि प्रियांशु ने हासिल की है, उससे हरिद्वार ही नहीं प्रदेश एवं देश का नाम रोशन हुआ है। देश में खेल और खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ा है।

देश के विभिन्न क्षेत्रों से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप हमारे देश के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपना एवं देश का मान बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर लक्सर, हरिद्वार विधानसभा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निपेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, मोहित वर्मा, नकली राम सैनी, विकास खटाना, संजय शर्मा, अमित नामदेव, विजयपाल, सचिन, अनुराग, मोनू, राजपाल, मोहित, दीपक, नितेश, अनिल, नरेंद्र, हेतराम, बंटी, संजीव, उज्जवल, रंजीत आदि शामिल रहे।

# संजू सैमसन एक कप्तान के रूप में अब परिपक्व हो गए हैं : रवि शास्त्री




नई दिल्ली, राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल 2023 के अपने अगले मुकाबले में घर में टेबल–टॉपर्स गुजरात टाइटन्स का सामना करेगी। अपने पिछले मैचों में हार का सामना करने के बाद, दोनों टीमें जीत की राह पर लौटने के लिए उत्सुक होंगी। आईपीएल 2022 की फाइनलिस्ट इन दोनों टीमों ने इस सीजन तक अपनी फॉर्म को बरकरार रखा है। राजस्थान– जिसका नेतृत्व संजू सैमसन कर रहे हैं, और हार्दिक पांड्या की गुजरात प्लेऑफ की दौड़ में सबसे आगे है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने टाटा आईपीएल 2023 में टीम के संतुलन और एक इकाई के रूप में सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने के तरीके के कारण गुजरात टाइटन्स को खिताब का प्रबल दावेदार बताया है।

स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में शास्त्री ने कहा, मौजूदा फॉर्म और टीम स्टैंडिंग को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि गुजरात ट्रॉफी जीतेगा। इस टीम में निरंतरता और लचीलापन है और सात–आठ खिलाड़ी हैं जो लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस गुजरात टीम के खिलाड़ी एक दूसरे के पूरक हैं।

शास्त्री ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई करने के तरीके की भी प्रशंसा की है और जिस तरह से विकेटकीपर–बल्लेबाज आईपीएल 2023 में आर अश्विन, युजवेंद्र चहल और एडम ज़म्पा की स्पिन तिकड़ी का प्रयोग कर रहे हैं, उससे वह काफी प्रभावित हैं।

शास्त्री ने कहा, संजू सैमसन एक कप्तान के रूप में परिपक्व हो गए हैं। वह अपने स्पिनरों का बहुत अच्छा उपयोग करते हैं। केवल एक अच्छा कप्तान ही तीन स्पिनरों के साथ खेल सकता है। वह उनका स्मार्ट तरीके से उपयोग कर रहे हैं।

### टखने और हाथ की सर्जरी के बाद फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर हुईं एम्मा राडुकानु

लंदन, ब्रिटेन की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानु फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर हो गई हैं। राडुकानु के टखने और हाथ की सर्जरी हुई है, जिसके कारण वह कुछ महीनों के लिए टेनिस कोर्ट से दूर हो गई हैं।

2021 यूएस ओपन विजेता ने सोशल मीडिया पर एक हस्तलिखित नोट के साथ जानकारी साझा की, जिसमें अस्पताल के बिस्तर पर उनकी एक तस्वीर थी।

राडुकानु के अनुसार, वह पिछले साल से दोनों हाथों की हड्डियों में तकलीफ के साथ खेलने का प्रयास कर रही थी। इस बीच, टखने की समस्या के इलाज के लिए उनका ऑपरेशन भी किया गया।राडुकानु ने कहा, पिछले 10 महीने कठिन रहे हैं। मैंने इस वर्ष के अधिकांश समय और पिछले वर्ष के अंत में दर्द को प्रबंधित करने और इसके साथ खेलने की पूरी कोशिश की,साथ–साथ पिछले सीजऩ को छोटा करने का भी प्रयास किया, दुर्भाग्य से, यह पर्याप्त नहीं है।

# मयंक अग्रवाल ने आईपीएल में पूरे किये 2500 रन




नई दिल्ली,। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 2500 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में हासिल की। मयंक 11 गेंदों में 18 रन बनाकर इस मुकाम तक पहुंचे। उन्हें तीसरे ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मयंक ने 122 मैचों में 22.45 की औसत और 132.53 की स्ट्राइक रेट से 2514 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और 12 अर्धशतक बनाए हैं।मौजूदा आईपीएल में, उन्होंने नौ मैचों में 20.78 की औसत और 114.02 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सीजऩ में अब तक कोई अर्द्धशतक नहीं बनाया है। मयंक ने आईपीएल 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ अपने करियर की शुरुआत की, वह 2013 तक फ्रेंचाइजी के लिए खेलते रहे। उन्होंने 29 मैचों में 18.83 की औसत से टीम के लिए एक अर्धशतक के साथ 433 रन बनाए।उसके बाद, उन्होंने 2014–16 सीजऩ के लिए दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली के लिए 21 मैचों में उन्होंने 17.75 की औसत से 2 अर्धशतकों के साथ 355 रन बनाए। उन्होंने 2017 में अब समाप्त हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजायंट का प्रतिनिधित्व किया और केवल तीन मैचों में 20 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ 2018–22 से पंजाब किंग्स के साथ उनके कार्यकाल के दौरान आया। पंजाब के लिए 60 मैचों में, उन्होंने 26.54 की औसत से एक शतक और नौ अर्द्धशतक के साथ 1,513 रन बनाए।मैच की बात करें तो इस मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 171 रन बनाए। केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने 46 और कप्तान नीतिश राणा ने 42 रन बनाए। इन दोनों के अलावा रसेल ने 24 व जेसन रॉय ने 20 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 166 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई। हैदराबाद के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने 41 और हेनरिक क्लासेन ने 36 रन बनाए।

# नापोली ने 33 वर्षों बाद जीता अपना पहला इतालवी सीरी ए खिताब



नेपल्स, नापोली ने गुरुवार रात उडीनीज से 1–1 से ड्रॉ खेलकर 33 वर्षों में अपना पहला इतालवी सीरी ए खिताब जीता। नापोली ने इससे पहले डिएगो माराडोना के नेतृत्व में 1990 में आखिरी बार यह खिताब जीता था। नापोली का कुल मिलाकर यह तीसरा सीरी खिताब है। क्लब ने पहली बार यह खिताब माराडोना के ही नेतृत्व में 1987 में जीता था।

नापोली को पांच गेम शेष रहते 16 अंकों की अजेय बढ़त लेने के लिए केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी। मैच की शुरुआत में सैंडी लोवरिक ने 13वें मिनट में गोल कर उडीनीज को 1–0 की बढ़त दिला दी। सेरी ए के शीर्ष स्कोरर, विक्टर ओसिमेन ने 52वें मिनट में नापोली के लिए बराबरी का गोल किया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। जैसी ही फाइनल सीटी बजी उडीन में स्टेडियम के अंदर और बाह उसके प्रशंसक खुशी से जश्न मनाने लगे। वहीं, नेपल्स में लोग सडक़ों पर उतर कर आतिशबाजी करने लगे।

यह खिताब इटली के शीर्ष डिवीजन में नापोली का तीसरा और अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी डिएगो माराडोना के 1987 और 1990 में खिताबी जीत हासिल करने के बाद यह उनका पहला खिताब है। नवंबर 2020 में उनकी मृत्यु के बाद माराडोना के सम्मान में नापोली के घरेलू स्टेडियम का नाम बदल कर स्टैडियो डिएगो अरमांडो माराडोना रखा गया।

# सूर्यकुमार यादव गणितज्ञ की तरह क्रिकेट की पिच का विश्लेषण करते हैं: एस श्रीसंत

नई दिल्ली,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में लगातार मैचों में 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने वाली मुंबई इंडियंस पहली टीम बन गई है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने 213 रनों का पीछा करते हुए घर में राजस्थान रॉयल्स को हराया और फिर मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ 215 रनों का लक्ष्य हासिल आसानी से हासिल कर लिया।बुधवार को खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 214 रन बनाए। पंजाब के लिए लियाम लिविंगस्टोन ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 82 रन बनाए, जबकि जितेश शर्मा ने नाबाद 49 रन बनाए। इन दोनों के अलावा शिखर धवन ने 30 और मैथ्यू शॉर्ट ने 27 रन बनाए।

जवाब में मुंबई ने ईशान किशन (75) और सूर्यकुमार यादव (66) की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 216 रन बनाकर मैच जीत लिया।मुंबई के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने 360 डिग्री हिटिंग के साथ दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत ने दुनिया के नंबर 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि सूर्या गणितज्ञ की तरह क्रिकेट की पिच का विश्लेषण करते हैं

स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में श्रीसंत ने कहा, सूर्या सिर्फ एक बैटर नहीं है, वह एक गणितज्ञ है। जिस तरह से वह खुद को कैरी करता है वह बेहद शानदार है। वह फील्ड को ऐसे डिसाइड करता है जैसे कोई गणितज्ञ पेपर पर कंपास





और प्रोट्रैक्टर का इस्तेमाल करता है। वह गणनाओं को अपने तेज दिमाग के अंदर शानदार ढंग से करता है और मैदान के आयाम, गेंदबाज की गति आदि का पूरा उपयोग करता है।श्रीसंत ने आगे कहा कि मुंबई की टीम जीत की पटरी पर वापस आ गई है और अब उन्हें आईपीएल 2023 में रोकना मुश्किल होगा।श्रीसंत ने कहा, एक बार जब मुंबई इंडियंस ने जीत का स्वाद चख लिया, तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता। उनके पास सफलता का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने अतीत में ऐसा किया है और इसे दोहरा सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने भी टाटा आईपीएल 2023 में बैक–टू–बैक सफल रन चेज और उनके द्वारा तैयार किए गए निडर दृष्टिकोण के लिए मुंबई इंडियंस की प्रशंसा की।

मूडी ने कहा कि ईशान किशन का फॉर्म में वापस आना मुंबई इंडियंस के लिए अच्छा संकेत है।मूडी ने कहा, मुंबई इंडियंस के पास बहुत मजबूत बल्लेबाजी लाइन–अप है, यही उनकी ताकत है। वे लक्ष्य का पीछा करने में निडर हैं और वे इसे साबित कर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में एकमात्र कमी ईशान किशन थे और उनका फॉर्म में आना मुंबई इंडियंस के लिए बहुत बड़ा बूस्ट है।

## फिल्मी सफर

# शहनाज गिल के हाथ लगी एक और फिल्म, अनिल कपूर और भूमि पेडनेकर संग आएंगी नजर



टीवी शो बिग बॉस में अपनी मौजूदगी के बाद शहनाज गिल इन दिनों लाइमलाइट में छाई हुई है. उन्होंने बॉलीवुड में एंट्री करने की ठानी और किसी और के साथ नहीं बल्कि बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म से वह बॉलीवुड में कदम रखेंगी. शहनाज गिल ने जहां उन्होंने अपनी पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया.बिग बॉस 13 में अपनी मौजूदगी के बाद प्रसिद्धि पाने वाली शहनाज गिल मौजूदा वक्त में अपनी पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान की रिलीज के लिए आजकल प्रमोशन करती नजर आ रही हैं. अभिनेत्री सलमान खान और पूजा हेगड़े के साथ अपनी शुरुआत करेंगी. फरहाद सामजी की तरफ से डायरेक्ट की गई इस फिल्म में पलक तिवारी, सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल, वेंकटेश दगुबत्ती, भूमिका चावला और जस्सी गिल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. हाल ही में एक विशेष बातचीत की, जहां उन्होंने अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म, सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव और बहुत कुछ के बारे में बात की.खास बात यह है कि उनकी पहली फिल्म रिलीज होने से पहले ही शहनाज ने अपना अगला प्रोजेक्ट साइन कर लिया है. वह रिया कपूर के अगले प्रोजेक्ट में नजर आएंगी. कथित तौर पर, फिल्म का निर्देशन रिया के पति करण बुलानी करेंगे और इसमें भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर भी होंगे. अपनी बातचीत के दौरान, शहनाज़ को किसी का भाई किसी की जान के बाद अपनी अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी साझा की. ज्यादा खुलासा किए बिना उन्होंने कहा, मेरी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं. मैंने रिया कपूर की फिल्म में काम किया है. जब भी यह रिलीज होगी, हम इसके बारे में बात करेंगे. मैंने उस फिल्म में भी अच्छा काम करने की पूरी कोशिश की हैं.

### रेड आउटफिट में अप्सरा सी नजर आईं मोनालिसा, फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की लगाई बौछार

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती है। वहीं, रेड आउटफिट में एक्ट्रेस मोनालिसा अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने गोल्डन वर्क के साथ रेड आउटफिट में साड़ी स्टाइल की आउटफिट कैरी कर रखी है। ओपन हेयर स्टाइल और गोल्डन ज्वैलरी में एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने इस आउटफिट के साथ हैवी मेकअप कर रखा है। इस आउटफिट में एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा इन दिनों भोजपुरी इंडस्ट्री से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, उनकी फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं है। मोनालिसा बोल्ड और बिकिनी तस्वीरें शेयर करने में बिल्कुल नहीं झिझकती हैं। फैंस को उनका यही बोल्ड अंदाज काफी पसंद है। मोनालिसा का असल नाम अंतरा बिश्वास है। फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद अंतरा मोनालिसा बन गईं। साथ ही वो कोलकाता की रहने वाली हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीर और वीडियोज का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं।

# हेतल यादव ने कोरियोग्राफी से लेकर अभिनय और गृहिणी बनने तक सब कुछ किया है



अभिनेत्री हेतल यादव, जिन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था और इस समय धारावाहिक 'इमली' में शिवानी के रूप में नजर आ रही हैं, उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे एक महिला शादी करने के बाद अपने जीवन के शुरुआती वर्षो को याद करती है। उन्होंने एक सामान्य व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को बनाए रखने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में अपना उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा : हां, न केवल एक अभिनेत्री के रूप में, बल्कि किसी भी पेशे में एक कामकाजी महिला होने के नाते हम बहुत सारी चीजों और प्रोजेक्टों से बाहर हो जाते हैं, क्योंकि हमें परिवार और बच्चों को चुनना होता है, लेकिन तब आप भी अपने परिवार को चुनने में खुशी महसूस करते हैं। एक समय था, जब मेरे बेटे को मेरी सबसे ज्यादा जरूरत थी। लेकिन अब, जब वह एक सज्जन व्यक्ति है तो मुझे लगता है कि अब मुझे अपने कार्यक्षेत्र में चमकने का समय है।

अभिनेत्री, जिन्हें 'बैरिस्टर बाबू' में भी देखा गया था, ने कहा : मुझे इस बात का बहुत दुख होता था कि मुझे अपने बेटे को पीछे छोडऩा पड़ा और सेट पर काम करने के लिए रिपोर्ट करना पड़ी। मैं पहले से ही कई एक्टिंग गिग्स कर रही थी और कोरियोग्राफर थी। लेकिन, मेरी मां और मेरी बहन ने मेरे बेटे की अच्छी देखभाल की, इसलिए मैं काम पर थोड़ा तनाव मुक्त रहती थी। आज, वह मेरा ख्याल रखता है और मुझे किसी और से बेहतर समझता है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोगीरा सारा रा रा का ट्रेलर जारी

अपनी जबरदस्त एक्टिंग के लिए मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने नेहा शर्मा के साथ धमाल मचाने के लिए अपनी कमर को कस लिया है. एक्टर की अपकमिंग मूवी जोगीरा सारा रा रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी दर्शकों को लोट पोट करने के लिए तैयार हैं.

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की इस अपकमिंग मूवी के ट्रेलर का दर्शकों को काफी दिनों से इंतजार था. काफी वेट के बाद आज यानी 1 मई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है.

फिल्म के ट्रेलर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी बहुत ही अलग अंदाज में दिख रहे हैं. वहीं नेहा शर्मा भी ट्रेलर में अपना जलवा दिखाती हुई दिख रही हैं.

नवाजुद्दीन सिद्दीकी को साफ तौर पर जुगाड़ लगाते हुए देखा जा सकता है कि वो किस तरह से अपनी जुगाड़ फिट कर रहे हैं. इसके साथ नेहा शर्मा काफी चंचल लडक़ी के रोल में नजर आ रही हैं. ट्रेलर में देखा जा सकता है कि नेहा शर्मा नवाजुद्दीन से शादी करने के लिए पीछे पड़ी है, जबकि नवाजुद्दीन उतना ही पीछे हट रहे हैं. फिल्म के ट्रेलर को देखकर कहा जा सकता है कि ये मूवी दर्शकों को जी भर के गुदगुदाने वाली है.


कुशन नंदी के द्वारा डायरेक्टर जोगीरा सारा रा रा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी जोगी प्रताप के रोल में जलवा दिखाते हुए नजर आएंगे. इसके साथ नेहा शर्मा डिंपल के किरदार में दिखेंगी. इन दोनों के अलावा फिल्म में संजय मिश्रा और महाअक्षय चक्रवर्ती भी अपने काम दर्शकों को एंटरटेन करने वाले हैं. आपको बता दें कि ये फिल्म 12 मई को फिल्मी पर्दे पर व्यूर्स के लिए रिलीज की जाएगी.

# निर्देशक आनंद रंगा की व्यवस्था एक युवा वकील के संघर्ष की कहानी

तेलुगू निर्देशक आनंद रंगा ने कार्तिक रत्नम, संपत राज, हेबाह पटेल, कामना जेटमलानी, सुकुरथा वागले, शिवानी, सुजीत कुमार रेड्डी, राजा अशोक और गुरुराज अभिनीत अपनी वेब सीरीज व्यवस्था के बारे में बात की।8–एपिसोड का कोर्ट रूम ड्रामा दो वकीलों की कहानी है, एक सत्ता का भूखा वकील चक्रवर्ती है और दूसरा एक दलित वामसी है।

अपनी हकलाने की समस्या के कारण वामसी को कानून का अभ्यास करने में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन जब उसकी पूर्व प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया जाता है, तो वह मामले को उठाने का फैसला करता है। कोर्टरूम में वे यह निर्धारित करने के लिए बहस करते हैं कि क्या यामिनी (हेब्बा पटेल द्वारा अभिनीत) ने अपने पति की हत्या की थी।

वेब सीरीज के बारे में बात करते हुए, निर्देश-क आनंद ने कहाः कहानी आपको एक युवा



लॉ ग्रेजुएट के जीवन के माध्यम से ले जाती है, जो एक शक्तिशाली वकील के खिलाफ मामला उठाता है, और इस प्रक्रिया में बहुत सारी चुनौतियों और असफलताओं का सामना करता है।आनंद रंगा ने तेलुगु फीचर फिल्म ओए! के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत की। 2009 में और बाद में शूटआउट एट अलेयर का निर्देशन किया। निर्देशक ने साझा किया कि उन्होंने वेब शो को वास्तविक बनाने के लिए सबसे अच्छा प्रयास किया है और कानूनी प्रक्रिया को प्रामाणिक तरीके से दिखाने की कोशिश की है।उन्होंने कहा, हमने सभी कानूनी प्रक्रियाओं को एक प्रामाणिक तरीके से प्रदर्शित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है। प्रत्येक चरित्र को सावधानीपूर्वक स्केच किया गया है और सभी कलाकारों ने अपनी क्षमता के आधार पर बेस्ट परफॉर्म किया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे सीरीज बनाना पसंद आया।

पट्टाभि आर. चिलुकुरी द्वारा निर्मित और आनंद रंगा द्वारा निर्देशित तेलुगु मूल कानूनी ड्रामा सीरीज व्यवस्था जी5 पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338